www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-38 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-01 रूपये ● सोमवार 13 अक्टूबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

### महापंचायत का फैसला... डीजीपी को नहीं हटाया तो आंदोलन होगा तेज

# न्याय संघर्ष मोर्चा ने सरकार को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

समर ब्यूरो | हरियाणा

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले को लेकर न्याय संघर्ष मोर्चा ने रविवार को 31 सदस्यीय कमेटी का गठन किया। कमेटी की बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित गुरु रविदास भवन में दोपहर 3 बजे शुरू हुई। महापंचायत में यह फैसला लिया गया कि हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पद से हटाया जाए और उन्हें गिरफ्तार करने के साथ ही मामले की जांच हाईकोर्ट के जज से कराई जाए। सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है कि अगर डीजीपी को हटाया नहीं गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इसमें शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावित करना और अन्य प्रकार के आंदोलन शामिल होंगे। महापंचायत के बाद आयोजकों ने उपस्थित लोगों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किया। कुछ कार्यकर्ताओं ने निजी तौर पर सड़क पर नारेबाजी शुरू की, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।






महापंचायत में कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के बयान पर विवाद करते हुए लोग।

## कमेटी का निर्णय और आगे की रणनीति

कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रोफेसर जय नारायण ने कहा कि महापंचायत में निर्णय लिया गया कि हरियाणा सरकार 48 घंटे में डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पद से हटाए। शाम को पंजाब के गवर्नर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद कमेटी आगे का निर्णय लेगी, जिसमें चंडीगढ़ में सफाई पूरी तरह से बंद करने की कार्रवाई शामिल हो सकती है। संघर्ष समिति के सदस्य गुरमिल ने स्पष्ट किया कि अभी तक किसी भी मामले में परिवार और सरकार के बीच सहमति नहीं बनी है। परिवार और दलित संगठनों की प्राथमिक मांग है कि सबसे पहले कार्रवाई हो, जिसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। परिवार ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर और एसपी रोहतक की गिरफ्तारी की मांग की है।

## महापंचायत में हंगामा

महापंचायत में कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के बयान पर विवाद हो गया। सैनी ने कहा कि "हम वाल्मीकि की पूजा करते हैं, वह स्वयं ब्राह्मण थे।" इसके बाद उपस्थित लोगों ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया। आयोजकों ने तुरंत सभी से शांत रहने और मर्यादा बनाए रखने की अपील की, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया गया।

**31 सदस्यीय कमेटी के सदस्य...** *न्याय संघर्ष मोर्चा की कमेटी में शामिल हैं: चौधरी लहरी सिंह, राजेश कालिया, ओपी चोपड़ा, अमित खेरवाल, बृज पाल, रवि गौतम, मुकेश कुमार, ओपी इंदल, प्रो. जय नारायण, गुरमिल सिंल, त्रिलोक चंद, रेशम सिंह, जय भगवान राठी, प्रवीन टांक, सुरेश बेनीवाल, रवि कुंडली, सुरेंसिंहद्र खुडडा, समदेश वैद, गौतम भोरिया, दिनेश वाल्मीकि, एडवोकेट कृती, सुनील बागड़ी, राज कपूर अहलावत, कृष्ण कुमार, करमवीर वौध और डॉ. रीतू।*

**न्याय तीन घंटे चली बैठक......** *इसके पहले चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित कोठी में एडीजीपी पूरण कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार के साथ राजेश खुल्लर, गृह विभाग की सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, अमनीत के विधायक भाई और दो वरिष्ठ अफसर मौजूद थे। करीब तीन घंटे तक बैठक चली, जिसके बाद अमनीत पी कुमार अपने भाई के साथ सरकारी आवास लौट गईं। चंडीगढ़ पुलिस और एसएसपी कंवजीत कौर भी सेक्टर-24 में मौजूद रही।*

## चंडीगढ़ पुलिस ने धारा की कड़ी, होगी उम्रकैद

हरियाणा के दिवंगत आईपीएस पूरन कुमार के सुसाइड मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने उनकी पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार की शिकायत के बाद एससी/ एसटी की धारा बदल दी है। पहले धारा 3(1)(r) लागू थी, जिसमें पांच साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान था। अब इसे बदलकर धारा 3(2) (V) लगाया गया है, जिसमें उम्रकैद के साथ जुर्माने का प्रावधान भी शामिल है। हालांकि, चंडीगढ़ पुलिस ने अब तक एफआईआर के कॉलम नंबर 7 में आरोपियों के नाम नहीं दिए हैं। आईएएस अमनीत ने इस बारे में पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। एसआईटी ने दिवंगत पूरन कुमार के गनमैन पर रोहतक में दर्ज FIR का रिकॉर्ड भी मांग लिया है।

# करनाल के होटल में युवती की मौत, जांच में जुटी पुलिस

समर ब्यूरो | करनाल

करनाल के मीरा घाटी क्षेत्र स्थित जलसा होटल में शनिवार शाम एक युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवती होटल के बाथरूम में मृत पाई गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल निवासी 24 वर्षीय युवती लक्ष्मी अपने परिचित दिल्ली निवासी 40 वर्षीय गुरप्रीत के साथ सुबह करीब 11:30 बजे होटल में रुकी थी। दोनों ने एक डिलक्स रूम बुक कराया था। दोपहर के समय युवक किसी काम से बाहर गया और जब शाम करीब पांच बजे लौटा, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो होटल प्रबंधन को सूचना दी गई।

▪ **बाथरूम में मिला शव, गीजर पाइप से बनाया फंदा...** *होटल मैनेजर विशाल के अनुसार, मास्टर चाबी से दरवाजा खोलने के बाद बाथरूम अंदर से लॉक मिला। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया, तो युवती को गीजर की पाइप से लटका पाया गया। मौके पर एफएसएल टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।*

▪ **दोनों विवाहित, रिश्ते को लेकर परिवार अनजान...** *पुलिस के मुताबिक, दोनों ही विवाहित थे और लंबे समय से संपर्क में थे। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवती ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है ताकि घटना से पहले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।*



एसआई विजय जांच अधिकार।

▪ **मोबाइल और निजी सामान जब्त, हर एंगल से जांच...** *सिटी थाना पुलिस ने घटनास्थल से युवती का मोबाइल और अन्य निजी वस्तुएं जब्त की हैं। जांच अधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल डेटा के विश्लेषण से वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे। परिवार को सूचना, आगे की जांच जारी युवती के परिवार को सूचना देकर करनाल बुलाया गया है। पुलिस आत्महत्या, विवाद या किसी प्रकार के दबाव — सभी संभावित कोणों से जांच कर रही है।*

# कैलिफोर्निया के हंटिंगटन बीच में हेलीकॉप्टर क्रैश, पांच घायल



हंटिंगटन बीच में क्रैश हुए हेलीकॉप्टर का दृश्य।

समर ब्यूरो | अमेरिका

कैलिफोर्निया के हंटिंगटन बीच में एक हेलीकॉप्टर टेकऑफ के तुरंत बाद अनियंत्रित होकर समुद्र तट के पास क्रैश हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार दो लोग और सड़क पर मौजूद तीन लोग घायल हुए। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर जैसे ही उड़ान भर रहा था, वह अनियंत्रित होकर गोल-गोल घूमने लगा। पंखों की चपेट में पेड़ों की पत्तियां आने से संतुलन बिगड़ा और हेलीकॉप्टर पैसिफिक कोस्ट हाईवे के पास गिर पड़ा। हालांकि एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया, लेकिन सड़क पर घायल तीन लोगों की चोटों की गंभीरता का विवरण अभी सामने नहीं आया। हेलीकॉप्टर 1980 बेल 222 (टेल नंबर N222EX) था, जिसे अनुभवी पायलट एरिक निक्सन उड़ाने वाले थे। हादसे के बाद अधिकारियों ने हाईवे को एहतियातन बंद कर दिया और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट में टेकऑफ के दौरान हेलीकॉप्टर का अनियंत्रित होना और पेड़ों से टकराना मुख्य कारण माना जा रहा है। हंटिंगटन बीच पुलिस और फायर डिपार्टमेंट ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। घायल लोगों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि क्रैश के कारणों की जांच जारी है।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार पर चिदंबरम के बयान से सियासत गरमाई, एसजीपीसी ने किया स्वागत, कांग्रेस नेताओं ने जताई नाराज़गी

▪ **तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई : पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम**

समर ब्यूरो | कसौली/चंडीगढ़

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, 'जून 1984 में श्री दरबार साहिब अमृतसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार 'गलत तरीका' था। पीएम इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि, यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, 'इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। चिदंबरम हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार की किताब 'वे आपको गोली मार देंगे, मैडम' की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। इस पर चिदंबरम ने कहा था किसी सैन्य अधिकारी का अपमान किए बिना मैं कहना चाहता हूं कि श्री दरबार साहिब अमृतसर को वापस पाने का वह गलत तरीका था। कुछ साल बाद हमने बिना सेना के उसे वापस पाने का सही तरीका दिखाया। ब्लू स्टार गलत तरीका था। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। चिदंबरम ने कहा कि मेरे पंजाब दौरों के दौरान मुझे महसूस हुआ कि खालिस्तान या अलगाव की राजनीतिक मांग अब लगभग खत्म हो चुकी है। आज की मुख्य समस्या आर्थिक है सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से ही हैं।



पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम

## सच बोले पर इंदिरा गांधी को बचाने की कोशिश झूठी : गुरचरण ग्रेवाल...



एसजीपीसी सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज चिदंबरम ने जो बातें कहीं हैं, वे कहीं न कहीं सच्चाई को उजागर करती हैं। अब देखना यह है कि यह बयान उनकी अंतरात्मा की आवाज़ है या फिर किसी राजनीतिक लाभ के लिए दिया गया है। लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि उन्होंने सच कहा है। देर से ही सही, पर वे सच के साथ आए हैं, इसके लिए उनका स्वागत किया जाना चाहिए। ग्रेवाल ने आगे कहा कि चिदंबरम ने यह भी कहा है कि वह हमला (ऑपरेशन ब्लू स्टार) इंदिरा गांधी का अकेले का निर्णय नहीं था, बल्कि यह कई लोगों की राय से लिया गया फैसला था। इस दावे में सच्चाई नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री का खुद का एक अधिकार और रुतबा होता है, उनके अधीन सभी एजेंसियां काम करती हैं। यह बात सही है कि कुछ विपक्षी दलों के लोग उस समय इंदिरा गांधी को राजनीतिक समर्थन देते पाए गए, जैसा कि कई ने अपनी जीवनियों में भी स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि दरअसल, इंदिरा गांधी का यह कदम पूरी तरह योजनाबद्ध था। उनका उद्देश्य अपनी खोती हुई राजनीतिक ज़मीन को बचाना था। इसी रणनीति के तहत सिखों को निशाना बनाया गया। बसों से हिंदू यात्रियों को उतारकर मारे जाने की घटनाएं एजेंसियों के ज़रिए करवाई गईं और बाद में इंदिरा गांधी ने यह कहकर सफाई दी कि उन्होंने "हिंदुओं को बचाने के लिए सिखों को मारा"। यही उनका राजनीतिक एजेंडा था, जिसकी कीमत उन्हें बाद में अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आज कांग्रेस की स्थिति किसी से छिपी नहीं है।

**राशिद अल्वी की तीखी प्रतिक्रिया...** *राशिद अल्वी ने यह भीकहा कि इंदिरा गांधी को ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए जिम्मेदार ठहराना और यह कहना कि उन्होंने अपनी जान इस वजह से गंवाई, समझ से बाहर है। चिदंबरम को आज भाजपा की गलतियों और देश को नुकसान पहुंचाने वाले कदमों पर बात करनी चाहिएन कि कांग्रेस पार्टी की कमजोरियों को उजागर करना। यह बिल्कुल सही नहीं है।*



**चिदंबरम के बयान पर पवन खेड़ा का पलटवार...** *उधर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम के 26/11 मुंबई हमलों को लेकर दिए बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उस समय यूपीए सरकार ने ऐसे कदम उठाए थे, जिससे पाकिस्तान को पूरी दुनिया से अलग-थलग कर दिया गया था। पवन खेड़ा ने कहा कि हमने पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ब्लैकलिस्ट में डलवाया। हमने इंसाफ दिलाया।*



### तालिबान का दावा... अफगानिस्तान में 28 लाख छात्राएं कर रही हैं पढ़ाई

# भारत के आगे तालिबान ने घुटने टेके, महिला पत्रकारों को पहली पंक्ति में बिठाया

समर ब्यूरो | नई दिल्ली

भारत के आगे तालिबान ने घुटने टेके महिला पत्रकारों को पहली पंक्ति में बिठाया अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के साथ रिश्तों, व्यापार व क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस बार कार्यक्रम में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया और वे पहली पंक्ति में बैठीं हालाँकि मुत्तकी ने शुक्रवार की उस प्रेस कांफ्रेंस पर सफाई दी जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछली बार यह केवल तकनीकी कारणों से हुआ था और उसका कोई दूसरा इरादा नहीं था। विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा अफगानिस्तान में शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि देश में लगभग एक करोड़ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिनमें 28 लाख छात्राएं और महिलाएं शामिल हैं। धार्मिक मदरसों में भी शिक्षा ग्रेजुएशन स्तर तक उपलब्ध है और महिलाओं की शिक्षा को धार्मिक रूप से हराम नहीं ठहराया गया है, इसे फिलहाल अन्य व्यवस्थाओं तक स्थगित किया गया है। भारत-अफगान व्यापार और कूटनीतिक संबंधों पर मुत्तकी ने कहा कि दोनों देशों ने उड़ानों की संख्या बढ़ाने, निवेश और व्यापार सहयोग पर चर्चा की।

अफगानिस्तान ने भारत को खनिज, कृषि और खेल क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया और चाबहार बंदरगाह व वाघा बॉर्डर के माध्यम से व्यापार बढ़ाने की इच्छा जताई। मुत्तकी ने 2021 में मारे गए भारतीय पत्रकार दानिश सिद्दीकी पर दुख जताया और कहा कि पिछले चार वर्षों में कोई पत्रकार घायल नहीं हुआ। पाकिस्तान के सवाल पर उन्होंने कहा कि आम पाकिस्तानी जनता के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, पर कुछ समूह समस्या खड़ी करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान से कहा कि आतंकी गुटों को रोकना जरूरी है। उन्होंने भारत-अफगान रिश्तों में सहयोग के सकारात्मक संकेत दिए, जबकि सुरक्षा और क्षेत्रीय असहमति के पहलू भी स्पष्ट हुए।





मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल महिला पत्रकार।

# तरनतारन में मुठभेड़, पुलिस ने नामी बदमाश को किया गिरफ्तार, साथी फरार





एसएसपी रावजोत कौर के साथ डीएसपी अतुल सोनी और पुलिस अधिकारी जांच करते हुए।

समर ब्यूरो | तरनतारन

तरनतारन जिले में रविवार दोपहर एक मुठभेड़ में पुलिस ने एक नामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी गुरसेवक सिंह उर्फ बंब तरनतारन का रहने वाला है और वह सत्ता नौशहरा गैंग से जुड़ा बताया गया है। वह विदेश में बैठे गैंगस्टर सतनाम सिंह उर्फ सत्ता के इशारे पर फिरौती और अन्य वारदातों को अंजाम देता था। एसएसपी रवजोत ग्रेवाल ने बताया कि गुरसेवक और उसका साथी खडूर साहिब से तरनतारन की ओर आ रहे थे। गोइंदवाल पुलिस ने नाका लगाकर उन्हें रोकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो दोनों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गुरसेवक सिंह के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसका साथी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गुरसेवक, सत्ता नौशहरा गैंग का करीबी और फिरौती गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उस पर हत्या, गोलीबारी और फिरौती के कई मामले दर्ज हैं। घायल बदमाश को पुलिस ने सिविल अस्पताल, तरनतारन में भर्ती कराया है, जहाँ उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटनास्थल से एक पिस्तौल, कारतूस और कार बरामद की गई है। पुलिस ने फरार साथी की तलाश में इलाके में नाकाबंदी कर दी है। पुलिस ने एक दिन पहले ही गैंग से जुड़े तीन अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया था। तीनों पर फिरौती, रंगदारी और व्यापारियों को डराने के लिए उनके प्रतिष्ठानों पर गोलीबारी के मामले दर्ज हैं। लगातार यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# मान सरकार की पहल पर फ्रांस की डैनोन-न्यूट्रीशिया का 356 करोड़ का निवेश, कृषि-खाद्य सेक्टर को मिलेगा बूस्ट




समर ब्यूरो |चंडीगढ़

पंजाब जो कभी अपने 'सोने जैसी फसल' और खुशहाल किसानों' के लिए जाना जाता था, आज फिर से उसी रास्ते पर लौट रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों के कारण पंजाब में वैश्विक निवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में, फ्रांस की दिग्गज बहुराष्ट्रीय कंपनी डैनोन-न्यूट्रीशिया ने राज्य के कृषि-खाद्य क्षेत्र में 356 करोड़ का बड़ा निवेश करने का फैसला किया है। यह निवेश न केवल पंजाब के कृषि-अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। इससे पंजाब को कृषि-खाद्य बनाने के लक्ष्य को भी बल मिलेगा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मान सरकार के आने के बाद से अब तक पंजाब में लगभग 1.25 लाख करोड़ से अधिक का कुल निवेश आ चुका है, जिससे लगभग 4.5 लाख युवाओं को सीधा रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लगातार यह दोहराया है कि पंजाब के पास मेहनती युवा, अच्छी कनेक्टिविटी और अब 'बिजनेस फ्रेंडली सरकार' है। डैनोन-न्यूट्रीशिया जैसे वैश्विक निवेशक का यह निर्णय यह दिखाता है कि पंजाब अब निवेश के लिए एक भरोसेमंद और आकर्षक केंद्र बन चुका है। यह उपलब्धि राज्य को आर्थिक विकास की राह पर तेज़ी से आगे ले जाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। 5,000 से अधिक डेयरी किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पादन, पशु देखभाल, और फीड मैनेजमेंट जैसे आधुनिक तरीकों से अवगत कराया जाएगा। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि और दूध की गुणवत्ता में सुधार होगा। डैनोन-न्यूट्रीशिया पहले से ही पंजाब के लालरू में मौजूद है।

अब इस निवेश से पंजाब आधुनिक तकनीक से लैस उत्पादन यूनिट बनेगा,न्यूट्रीशन प्रोडक्ट्स का उत्पादन बढ़ेगा यह निवेश यह दिखाता है कि अब पंजाब सिर्फ खेती के लिए नहीं, बल्कि कृषि-खाद्य नवाचार केंद्र के रूप में भी पहचाना जाएगा। इससे राज्य में विदेशी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और पंजाब वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना सकेगा।

डैनोन-न्यूट्रीशिया का 356 करोड़ का यह निवेश मान सरकार की पारदर्शी नीति, किसानों की मेहनत और पंजाब की प्रगति-भावना का परिणाम है। यह कदम न केवल कृषि-आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि पंजाब को एक वैश्विक निवेश गंतव्य बनाने में भी मदद करेगा। यह सब संभव हो सका है। मान सरकार की दूरदर्शिता और मेहनत से, जिसने दुनिया की बड़ी कंपनियों को पंजाब की ओर आकर्षित किया। मान सरकार के प्रयासों से पंजाब में निवेश का माहौल बेहतर हो रहा है। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि पंजाब में काम करना अब आसान, सुरक्षित और फायदेमंद है,यह निवेश दिखाता है कि विदेशों में पंजाब की छवि सुधर रही है। डेनोन-न्यूट्रिशिया का यह 356 करोड़ का कदम पंजाब की उस पुरानी शान और नई उम्मीद को मज़बूत करता है।

## पंजाब सरकार का मिशन इन्वेस्टमेंट सफल

# मोहाली बना नया आई टी हब, इंफोसिस के 300 करोड़ निवेश से युवाओं के लिए सुनहरे भविष्य की गारंटी

समर ब्यूरो |चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने अपने युवाओं और अर्थव्यवस्था के लिए एक नया सुनहरा अध्याय लिखा है। भारत की अग्रणी आईटी कंपनी इंफोसिस लिमिटेड मोहाली में 300 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है, जिससे आईटी सिटी में 30 एकड़ का एक आधुनिक कैंपस बनेगा। यह कैंपस 2,500 से अधिक उच्च-गुणवत्ता वाली तकनीकी नौकरियां पैदा करेगा, जो पंजाब को उत्तर भारत का प्रमुख आईटी हब बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह परियोजना सरकार की 'मिशन इन्वेस्टमेंट' पहल का शानदार उदाहरण है, जो पंजाब को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे ले जा रही है।मोहाली की आईटी सिटी में बनने वाला यह इंफोसिस कैंपस अत्याधुनिक तकनीकों का केंद्र होगा। यह परियोजना दो चरणों में पूरी होगी, जिसमें पहला चरण 3 लाख वर्ग फुट का निर्माण लाएगा, जो तुरंत रोजगार के अवसर खोलेगा। दूसरा चरण 4.8 लाख वर्ग फुट का और विस्तार करेगा, जिससे कुल मिलाकर 2,500 से 2,700 नौकरियां पैदा होंगी। ये नौकरियां सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में होंगी। पंजाब के कॉलेजों से निकलने वाले नौजवानों के लिए यह किसी सुनहरे अवसर से कम नहीं है। अब घर के पास ही बड़े सपने सच करने का मौका मिलेगा।

इंफोसिस का यह निवेश मोहाली और पूरे पंजाब की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगा। कैंपस में काम करने वाले कर्मचारियों की सैलरी, जीएसटी और अन्य



खर्चों से स्थानीय व्यवसायों को जबरदस्त फायदा होगा। होटल, किराए के मकान, छोटी-बड़ी दुकानें और वेंडर्स को नई मांग मिलेगी, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से और भी रोजगार पैदा होंगे। यह निवेश न केवल मोहाली को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा, बल्कि पूरे राज्य की जीडीपी में भी बड़ा योगदान देगा। पंजाब सरकार का यह कदम कृषि के साथ-साथ आईटी जैसे नए क्षेत्रों में विकास की राह खोल रहा है।

इंफोसिस ने साफ किया है कि इस कैंपस में पंजाब के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कंपनी पंजाब के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर ट्रेनिंग और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाएगी, ताकि हमारे नौजवान नई तकनीकों में माहिर होकर अच्छी नौकरियां हासिल कर सकें। जरूरत पड़ने पर कुछ विशेषज्ञ बाहर से लाए जा सकते हैं, लेकिन फोकस हमेशा पंजाबी प्रतिभा पर रहेगा। यह प्रयास न केवल ब्रेन ड्रेन को रोकेगा, बल्कि पंजाब के युवाओं को अपने ही राज्य में उज्ज्वल भविष्य बनाने का मौका देगा।

इस परियोजना के साथ-साथ पंजाब सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने पर काम कर रही है। पंजाब स्टेट इंडस्ट्रियल एंड एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन और ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी नई सड़कें, बिजली के सब-स्टेशन और अन्य सुविधाएं विकसित कर रहे हैं। इन सुधारों से न केवल इंफोसिस का कैंपस बल्कि पूरा मोहाली क्षेत्र आधुनिक और सुविधाजनक बनेगा। इस परियोजना का शुभारंभ 5 नवंबर 2025 को गुरुपुरब के शुभ अवसर पर होगा, और यह चरणबद्ध तरीके से समय पर पूरा होगा।

चंडीगढ़ में इंफोसिस की पहले से मौजूदगी है, लेकिन मोहाली का यह नया कैंपस अपने आकार और आधुनिकता में उससे कहीं आगे होगा। यह परियोजना पंजाब को दिल्ली, नोएडा और अन्य उत्तरी शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा में लाकर खड़ा कर देगी। पंजाब सरकार का लक्ष्य साफ है – राज्य को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बनाना और उत्तर भारत में आईटी का सबसे मजबूत केंद्र स्थापित करना।

पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, "यह निवेश पंजाब के युवाओं और अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक तोहफा है। हमारी सरकार इंफोसिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि यह परियोजना समय पर पूरी हो और पंजाब को नई ऊंचाइयों तक ले जाए। 'मिशन इन्वेस्टमेंट' के तहत हम और भी कंपनियों को पंजाब लाएंगे। मेरे पंजाबी भाई-बहनों, यह आपकी सरकार का वादा है हम मिलकर पंजाब को चमकाएंगे।"

# तरनतारन उपचुनाव के लिए नामांकन 13 अक्टूबर से भरे जा सकेंगे : सिबिन सी

हरजीत मठारू | चंडीगढ़

भारतीय चुनाव आयोग ने पंजाब की 21-तरन तारन विधानसभा सीट के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि नामांकन भरने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2025 से राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी और 21 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि 22 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 24 अक्टूबर नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि है। मतदान 11 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर 2025 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

सिबिन सी ने बताया कि मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। नामांकन पत्र 13




अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस (सार्वजनिक छुट्टियों को छोड़कर) सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच रिटर्निंग ऑफिसर के पास दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्र फॉर्म 2बी में जमा कराने होंगे, जो संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के पास उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवार का राज्य के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का पंजीकृत मतदाता होना अनिवार्य है और उसे मतदाता सूची में संबंधित प्रविष्टि की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। इसके अलावा, प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद और जांच की तिथि से पहले रिटर्निंग ऑफिसर या भारत के चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष शपथ या प्रतिज्ञा लेनी होगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 18 अक्टूबर (शनिवार) को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के अंतर्गत अवकाश नहीं है, इसलिए उस दिन नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। हालांकि, 19 अक्टूबर (रविवार) और 20 अक्टूबर (सोमवार, दीवाली) इस अधिनियम के तहत अवकाश हैं, अतः इन तिथियों पर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। सिबिन सी ने आगे कहा कि उपचुनाव की घोषणा के बाद से 6 अक्टूबर 2025 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जो पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक प्रभावी रहेगी।

# पंजाब सरकार द्वारा उठाए गए सख्त कदमों के कारण लुधियाना में जल प्रदूषण की शिकायतों में 48 प्रतिशत की कमी आई: डॉ. रवजोत सिंह

समर ब्यूरो |चंडीगढ़

पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज यहां बताया कि शहर के प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध नगर निगम लुधियाना ने दूषित पानी के मामलों को काफी हद तक कम करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पानी की आपूर्ति नेटवर्क को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाए गए ठोस कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं, जिसके चलते दूषित पानी संबंधी शिकायतें वर्ष 2022-23 में 608 से घटकर 2025 में 318 रह गई हैं। मंत्री ने बताया कि इन सभी शिकायतों का स्थायी समाधान कर दिया गया है। डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना स्थानीय सरकार विभाग की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने साझा किया कि 2024 में 12.6 किलोमीटर नई सप्लाई लाइनें डाली गई थीं, जबकि 2025 में पुरानी और खराब पाइपलाइनों को बदलकर 20 किलोमीटर से अधिक नई जल आपूर्ति लाइनें बिछाई गई हैं। इन परियोजनाओं ने पूरे शहर में जल की गुणवत्ता और भरोसेमंद आपूर्ति में लगातार सुधार सुनिश्चित किया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि ढंडारी खुर्द, जमालपुर अवाना, ईसा नगरी, शेरपुर खुर्द, शांति नगर, टैगोर नगर, जवद्दी, सुनेत, पंजाबी बाग, करमसर कॉलोनी, खुड्ड मोहल्ला, सेखेवाल, जैन कॉलोनी, मयापुरी, मोहर सिंह नगर, ढंडारी कलां, दुग्गरी फेज-2 और विकास नगर सहित अन्य इलाकों में बड़े पैमाने पर सुधार कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम नियमित रूप से पुरानी जल सप्लाई लाइनें बदलता रहता है, परंतु कई बार जंग लगी निजी कनेक्शन पाइपों और अवैध सीवरेज लिंक के कारण दूषित पानी की घटनाएँ सामने आती रहती हैं, जिनकी पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें ठीक किया जा रहा है।



# पिछली सरकारें जो ना कर पाई मान सरकार ने उसे भी कर दिखाया सम्भव हिंदुस्तान यूनिलीवर का पटियाला में 277 करोड़ का निवेश : 1,092 युवाओं को मिलेगा रोज़गार

समर ब्यूरो |चंडीगढ़

पटियाला के औद्योगिक परिदृश्य में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। देश की सबसे बड़ी और भरोसेमंद कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर ने पटियाला में अपना नया आधुनिक प्लांट लगाने का ऐलान किया है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर 277 करोड़ का निवेश होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि इससे 1,092 युवाओं को सीधे रोज़गार मिलेगा। यह केवल एक व्यावसायिक निर्णय नहीं है, बल्कि पंजाब के युवाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण है। दशकों से पंजाब के नौजवान रोज़गार की तलाश में दिल्ली, मुंबई और विदेशों का रुख करते रहे हैं। परिवारों को अपने बच्चों से दूर रहना पड़ता था और युवाओं को अपनी जड़ों से कटकर बाहर संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी वैश्विक कंपनी का यह निवेश साबित करता है कि अब पंजाब के युवाओं को अपने ही शहर में, अपने परिवार के पास रहकर बेहतरीन नौकरी के अवसर मिल सकते है। यह प्लांट न सिर्फ एक फैक्ट्री है, बल्कि हज़ारों परिवारों की खुशहाली और सम्मान का ज़रिया बनेगा।

हिंदुस्तान यूनिलीवर का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लक्स, लाइफबॉय, डव, सर्फ एक्सेल, व्हील, क्लिनिक प्लस, पॉन्ड्स जैसे ब्रांड हर भारतीय घर में इस्तेमाल होते है। अब इन्हीं प्रोडक्ट्स का निर्माण पटियाला में होगा। यह प्लांट अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा, जहां साबुन से लेकर शैम्पू, डिटर्जेंट से लेकर पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स तक सब कुछ बनेगा। हर दिन लाखों यूनिट्स का उत्पादन होगा और ये प्रोडक्ट्स पूरे उत्तर भारत में सप्लाई किए जाएंगे। इससे पंजाब का औद्योगिक उत्पादन कई गुना बढ़ेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी।

जब कोई बड़ी कंपनी किसी जगह निवेश करती है, तो उसका फायदा सिर्फ उस कंपनी के कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहता। पटियाला के आसपास के व्यापारियों, दुकानदारों, ट्रांसपोर्टरों और छोटे उद्यमियों के लिए भी यह सुनहरा अवसर है। प्लांट को कच्चा माल चाहिए होगा, पैकेजिंग मैटेरियल चाहिए होगा, तैयार माल को मार्केट तक पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट चाहिए होगा। इसका मतलब है कि सैकड़ों छोटे सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स कंपनियां और सर्विस प्रोवाइडर्स को भी काम मिलेगा। स्थानीय




किसानों को भी फायदा होगा क्योंकि कई प्रोडक्ट्स के लिए प्राकृतिक और कृषि आधारित कच्चे माल की जरूरत होगी। यानी यह एक प्लांट पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को गति देगा।

आज के दौर में किसी भी कंपनी की सफलता सिर्फ मुनाफे से नहीं, बल्कि उसकी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी से भी आंकी जाती है। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने साफ किया है कि पटियाला का यह प्लांट पूरी तरह इको-फ्रेंडली होगा। पानी और बिजली की खपत कम से कम होगी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग की जाएगी, सोलर एनर्जी का इस्तेमाल होगा। उत्पादन प्रक्रिया में निकलने वाले कचरे को रीसाइकिल किया जाएगा और कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम रखने के हर संभव उपाय किए जाएंगे। यह प्लांट साबित करेगा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक स्वस्थ और साफ पटियाला छोड़ने की दिशा में यह एक सराहनीय कदम है।

पंजाब सरकार की भूमिका इस पूरे प्रोजेक्ट में बेहद अहम रही है। मुख्यमंत्री ने खुद कहा है कि उनकी सरकार का मिशन है कि पंजाब को देश का सबसे निवेश-अनुकूल राज्य बनाया जाए। इसी सोच के तहत उद्योग विभाग ने इस प्रोजेक्ट को तेजी से मंजूरी दी। जमीन का आवंटन, बिजली-पानी का कनेक्शन, पर्यावरण क्लीयरेंस, और दूसरे जरूरी लाइसेंस – सब कुछ रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। यह 'Ease of Doing Business' का जीता-जागता उदाहरण है। जब सरकार और उद्योग साथ मिलकर काम करते हैं, तो ऐसे ही परिणाम सामने आते हैं।

हिंदुस्तान यूनिलीवर ने पटियाला को क्यों चुना? इसके पीछे कई ठोस कारण हैं। पटियाला का भौगोलिक स्थान बेहतरीन है – यह दिल्ली, चंडीगढ़, अमृतसर जैसे बड़े बाजारों के बीच में है। यहां से माल की ढुलाई आसान और किफायती है। पंजाब में कुशल और मेहनती युवाओं की कोई कमी नहीं है। यहां के लोग मेहनत करना जानते हैं और नई तकनीक सीखने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सड़क, बिजली, पानी जैसे बुनियादी ढांचे भी बेहतर हैं। और सबसे बड़ी बात, पंजाब में अब शांति है, सुरक्षा है, और विकास के लिए सकारात्मक माहौल है। यही वजह है कि बड़ी कंपनियां अब पंजाब को गंभीरता से देख रही हैं।

यह निवेश केवल एक शुरुआत है। जब एक वैश्विक कंपनी किसी राज्य में सफलतापूर्वक निवेश करती है, तो वह दूसरी कंपनियों के लिए रास्ता खोल देती है। हिंदुस्तान यूनिलीवर की सफलता देखकर और भी कई कंपनियां पंजाब में निवेश के बारे में सोचेंगी। अगले कुछ सालों में पंजाब उत्तर भारत का एक बड़ा इंडस्ट्रियल हब बन सकता है। और जब ऐसा होगा, तो यहां के हर युवा को, हर परिवार को इसका सीधा फायदा मिलेगा।


पटियाला की गलियों में अब एक नई उम्मीद जगी है। युवा अपने सपने देखने लगे हैं। माता-पिता राहत महसूस कर रहे है कि उनके बच्चों को बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। स्थानीय व्यापारी नए अवसरों की तैयारी कर रहे है। यह बदलाव की हवा है, विकास की आहट है। हिंदुस्तान यूनिलीवर का यह 277 करोड़ का निवेश सिर्फ एक आर्थिक लेन-देन नहीं है – यह पंजाब के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। और जब यह प्लांट पूरी तरह चालू हो जाएगा, तो पटियाला न सिर्फ पंजाब बल्कि पूरे देश के लिए एक सफलता की कहानी बनेगा।

# पंजाब भीखमुक्त राज्य होगा; बच्चों की जगह स्कूलों में फरीदकोट में 2 बच्चों का रेस्क्यू: डॉ. बलजीत कौर

## » लोगों से अपील : बच्चों को भिक्षा न दें, 1098 पर सूचित करें: डॉ. बलजीत कौर

समर ब्यूरो | चंडीगढ़

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य को बाल भीखमुक्त बनाने के लिए अपने प्रयासों को और तेज कर रही है। इसी क्रम में फरीदकोट में भीख मांग रहे दो बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।



डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि उन्होंने स्वयं इन बच्चों को फरीदकोट फाटक के पास देखा और तुरंत जिला बाल सुरक्षा टीम को सूचित किया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को रेस्क्यू किया और जिला बाल कल्याण कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया। जांच के बाद उन्हें फिलहाल बाल गृह में अस्थायी रूप से सुरक्षित ठिकाना प्रदान किया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने राज्य की सभी जिला बाल सुरक्षा टीमों की सराहना की, जो बाल सुरक्षा और "जीवनजोत प्रोजेक्ट" के अंतर्गत किए जा रहे त्वरित और समर्पित प्रयासों से पूरे प्रदेश में सकारात्मक परिणाम दे रही हैं। उन्होंने कहा कि ये टीमें सरकार की नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का सपना है कि पंजाब में कोई भी बच्चा सड़कों पर भीख मांगता दिखाई न दे। सरकार "जीवनजोत प्रोजेक्ट" के माध्यम से भीख मांगने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और इस मुहिम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाल भीखमांगी न केवल एक सामाजिक कुरीति है बल्कि यह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। डॉ. बलजीत कौर ने माता-पिता और बच्चों से भीख मंगवाने वाले गिरोहों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की हरकत करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. बलजीत कौर ने राज्य के नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं किसी बच्चे को भीख मांगते देखें तो उसे भिक्षा देने के बजाय "चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098" पर सूचित करें और इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने में पंजाब सरकार का सहयोग करें।

# ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड से बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय मुख्यमंत्री के मिशन चढ़दीकला के समर्थन में आए

समर ब्यूरो |चंडीगढ़

बाढ़ प्रभावित राज्य की मदद के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड से प्रवासी भारतीयों ने उन्हें पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन चढ़दीकला को पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का भरोसा दिया है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड से प्रवासी भारतीयों के साथ एक ऑनलाइन बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने देश के साथ प्रवासी भारतीयों के मजबूत भावनात्मक और विकासात्मक रिश्ते की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने कड़ी मेहनत और लगन से विदेशों में अपनी पहचान बनाई है, लेकिन फिर भी वे अपनी मातृभूमि को कभी नहीं भूले। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने हमेशा अपने गांवों और शहरों के विकास, खेलों को प्रोत्साहन देने और यहां तक कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एन.आर.आई. टाउनहॉल एक ऑनलाइन वार्तालाप सत्र है, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में रहने वाले प्रवासी पंजाबियों को मिशन चढ़दीकला से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य पंजाब के राहत और पुनर्वास प्रयासों के लिए वैश्विक



समर्थन जुटाना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रवासी भारतीय राज्य के पुनर्निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने प्रवासी भारतीयों को चल रहे रिकवरी प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया और उन्हें सीएसआर के माध्यम से रंगला पंजाब फंड में योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों को बताया कि राज्य ने हाल ही में इतने भयानक बाढ़ का सामना किया है कि यह पीढ़ियों तक लोगों के दिमाग में रहेगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने न केवल पानी लाया, बल्कि यह लाखों सपनों को बहा ले गया और यह पंजाब के हालिया इतिहास में सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि यह पंजाब का सबसे बड़ा इम्तिहान भी है, लेकिन इतिहास इस बात का गवाह है कि राज्य हमेशा हर संकट से मजबूती के साथ उभरा है।

मुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि 2,300 से अधिक गांव इन बाढ़ों की चपेट में आए हैं, 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और पांच लाख एकड़ फसली क्षेत्र नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, इन विनाशकारी बाढ़ों के कारण लगभग 60 लोगों की जान चली गई और लगभग सात लाख लोग बेघर हो गए। इसके अलावा, 3,200 सरकारी स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए, 19 कॉलेज मलबे में बदल गए, 1,400 क्लीनिक और अस्पताल बर्बाद हो गए, 8,500 किलोमीटर सड़कें नष्ट हो गईं और 2,500 पुल ढह गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कुल नुकसान लगभग 13,800 करोड़ रुपए है, हालांकि वास्तविक आंकड़ा इससे भी अधिक हो सकता है।

चढ़दीकला मिशन के बारे में प्रवासी भारतीयों को अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक पहल है जिसका उद्देश्य पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की भलाई के लिए सहायता करना है। उन्होंने कहा कि कई सामाजिक संगठन पहले ही चढ़दीकला मिशन का समर्थन करने के लिए आगे आ चुके हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि मिशन चढ़दीकला एक वैश्विक फंड जुटाने की मुहिम है, जो पंजाब में 2025 के बाढ़ पीड़ितों के लिए राज्य सरकार के पुनर्वास प्रयासों के लिए धन इकट्ठा करने के लिए शुरू की गई है। इस पहल के पीछे की भावना को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह चढ़दीकला की भावना मुसीबत के समय में भी बुलंद हौसले और आशावाद की सिख भावना को दर्शाती है, उसी तरह मिशन चढ़दीकला दुनिया भर के सभी पंजाबियों को इस बड़े पैमाने की मुसीबत की घड़ी में एक परिवार के रूप में एकजुट होने का आह्वान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुनिया भर में रहने वाले अन्य पंजाबी भी अपने सपनों के पंजाब के पुनर्निर्माण के लिए खुलकर योगदान देंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही का भरोसा देते हुए भगवंत सिंह मान ने दोहराया कि एकत्र किया गया प्रत्येक पैसा बाढ़ पीड़ितों की भलाई और पुनर्वास के लिए पूरी सूझबूझ के साथ खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण माझा क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और अब हम पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं। रंगला पंजाब फंड से राहत चेकों का वितरण कल (सोमवार) से शुरू होगा। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य धार्मिक संगठनों का धन्यवाद किया, जिन्होंने अपने साथी पंजाबियों की मदद के लिए योगदान दिया। उन्होंने दुख जताया कि इस गंभीर संकट की घड़ी में भी कुछ राजनीतिक पार्टियां बिना किसी शर्म के राज्य सरकार को दोषी ठहराने पर तुली हुई हैं, जबकि मैक्सिको और दुनिया के अन्य हिस्से वैश्विक तापमान के कारण सबसे भयानक बाढ़ों का सामना कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सभी विपक्षी दल केवल अपने निजी राजनीतिक हितों के लिए उन्हें निशाना बना रहे हैं, जो पूरी तरह से अनुचित है।

# नाबालिग लड़की से जबरन बनाए शारीरिक संबंध, मामला दर्ज

दीपक कुमार | माछीवाड़ा साहिब



पढ़ाई के साथ-साथ एक दुकान में प्राइवेट काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली एक नाबालिग लड़की एक युवक के बहकावे में आकर अपना सब कुछ गँवा बैठी। युवक उसे माछीवाड़ा के गढ़ी पुल के पास एक ढाबे के कमरे में ले गया और ज़बरन शारीरिक संबंध बनाए।

माछीवाड़ा थाने में दर्ज एफआईआर में इसका खुलासा हुआ है। दरअसल, रेखा (काल्पनिक नाम) जो 16 साल की है और बारहवीं कक्षा की छात्रा भी है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने और पाँच बहनों और एक भाई की ज़िम्मेदारी होने के कारण, वह शहर की एक दुकान पर काम भी करती थी।

हालाँकि उसकी माँ भी घरों में घरेलू काम करती है, लेकिन सोशल मीडिया पर लड़की की एक युवक से जान-पहचान हुई और फिर यह कहानी आगे बढ़ी और वह युवक उसे गढ़ी पुल से समराला जाने वाली सड़क पर बने एक ढाबे पर ले गया जहाँ कमरे भी किराए पर मिलते हैं। वहाँ उसने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब लड़की की माँ को इस पूरी कहानी का पता चला, तो उसने बिना देर किए अपने रिश्तेदारों को साथ लेकर पुलिस को पूरी कहानी बताई और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लड़की की माँ के बयानों पर काउके (जगराओ) निवासी युवक जसकरणप्रीत सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 64 और 6 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। क्या ढाबों में दिए जाने वाले कमरे सरकारी प्रक्रियाओं का पालन करते हैं?

यह सवाल पहले भी कई बार उठाया जा चुका है कि क्या ढाबे वास्तव में सरकारी प्रक्रिया के दौरान किराए और कमरे का पूरा रिकॉर्ड रखते हैं। इस नाबालिग लड़की के मामले में गढ़ी पुल के पास वाले ढाबे का ज़िक्र किया गया है। वहाँ पहले भी ऐसा ही एक और मामला सामने आया था। हालाँकि कमरा किराए पर देने के लिए नियमित कानूनी प्रक्रिया का ध्यान रखा जाता है और कमरे में रहने वालों के पहचान पत्र लिए जाते हैं, लेकिन अक्सर ढाबा मालिक इसकी अनदेखी करते हैं। कानून के मुताबिक, ढाबा मालिक ने नाबालिग लड़की को एक लड़के के साथ कमरा कैसे दे दिया?

**क्या कहना है डीएसपी समराला का**

जब इस संबंध में डीएसपी समराला तरलोचन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि लड़की की माता के बयानों पर मामला दर्ज किया गया हैऔर आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमों का गठन किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि ढाबा मालिक के खिलाफ भी बनती करवाई की जायेगी।

# बरनाला से बंबीहा गैंग के दो गुर्गे छह पिस्तौल समेत गिरफ्तार

» हथियारों की खेप बंबीहा गैंग के गुर्गों को दी जानी थी सप्लाईः डीजीपी गौरव यादव

» बंबीहा गैंग के संचालक राज्य में सनसनीखेज अपराधों की योजना बना रहे थेः एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान

समर ब्यूरो | चंडीगढ़/बरनाला



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ ), पंजाब ने बरनाला पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में दविंदर बंबीहा गैंग के दो गुर्गों को छह पिस्तौलों समेत गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डी जी को) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप सिंह निवासी हनुमानगढ़ टाउन (राजस्थान) और शेखर निवासी कैथल (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से एक PX5 पिस्तौल, एक .30 बोर पिस्तौल, चार .32 बोर पिस्तौलें और 19 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने उनकी मारुति स्विफ्ट कार (पी बी 01 ए एक्स 0945), जिसका उपयोग वे हथियारों की खेप लेने और पहुंचाने के लिए कर रहे थे, को भी जब्त कर लिया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी हैंडलरों के इशारों पर काम कर रहे थे और पंजाब में सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए बंबीहा गैंग के गुर्गों को हथियार सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे नेटवर्क की कड़ियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है, ताकि इस सप्लाई चेन का पर्दाफाश किया जा सके।

इस ऑरेशन संबंधी जानकारी देते हुए एडीजीपी (ए जी टी एफ) प्रमोद बान ने बताया कि पुलिस टीमों को विशेष मानव स्रोतों और तकनीकी इनपुट्स के जरिए जानकारी मिली थी कि बंबीहा गैंग के हैंडलर राज्य में बड़े अपराधों की साजिश रच रहे हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एआईजी संदीप गोयल की निगरानी में एजीटीएफ पंजाब की टीमों ने बरनाला पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया और बरनाला-बठिंडा मुख्य सड़क पर गांव धौला के पास ड्रेन के नजदीक दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन की अगुवाई इंस्पेक्टर विक्रम (ए जी टी एफ ) और इंस्पेक्टर बलजीत सिंह (सी आई ए बरनाला) ने की।

एआईजी संदीप गोयल ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और उनके खिलाफ पहले से ही आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले दर्ज हैं।

बरनाला के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एस एस पी) मुहम्मद सरफ़राज़ आलम ने बताया कि इस संबंध में एफआईआर नंबर 107 दिनांक 11.10.2025 को भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 111 और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत थाना रुड़ेके कलां, बरनाला में दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में अधिक गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है।

# अमृतसर में आम आदमी पार्टी का कैंडल मार्च

» एडीजीपी पूरन कुमार को न्याय दिलाने की मांग

समर ब्यूरो |अमृतसर




अमृतसर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा हरियाणा के एडीजीपी पूर्ण कुमार की आत्महत्या के मामले को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने अध्यक्षता करते हुए पूर्ण कुमार को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

ईटीओ ने कहा कि पंजाब सरकार पूरन कुमार के परिवार के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने हरियाणा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पूरन कुमार जैसे ईमानदार और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के साथ जातिगत भेदभाव किया गया, जो बेहद निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में अनुसूचित जातियों के साथ अत्याचार और भेदभाव के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेताओं ने बताया कि पूर्ण कुमार की पत्नी अवनीत कौर ने जांच में गड़बड़ी और अधिकारियों द्वारा दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मांग की है कि रोहतक के एसपी और डीसीपी को भी एफआईआर में शामिल किया जाए और पूरे मामले की गहराई से जांच हो।

ईटीओ ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री और कई मंत्री पहले ही परिवार से मुलाकात कर चुके हैं, और यदि आवश्यकता पड़ी तो न्याय की लड़ाई अदालतों से लेकर सड़कों तक लड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि पूर्ण कुमार की आत्महत्या सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि व्यवस्था में फैले जातिगत भेदभाव का परिणाम है। मौके पर मौजूद स्वयंसेवकों ने मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी और "पूर्ण कुमार को इंसाफ मिले" के नारे लगाए। सभी ने एकजुट होकर कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता, संघर्ष जारी रहेगा।

# साइड देने को लेकर कार व स्कूटी चालक में विवाद

» विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में चले लात घुसे, फाड़े कपड़े, बुजुर्ग की उतरी पगड़ी

समर ब्यूरो | जालंधर



जालंधर के लाडोवाली रोड के प्रीत नगर में दो पक्षों में जमकर लात-मुक्के और थप्पड़ चले। गली नंबर 2 में कार सवार और स्कूटी सवार की साइड देने को लेकर मामूल बहस हो गई। इसके बाद स्कूटी सवार को कार चालक ने देखकर चलने को कहा तो दोनों आपस में उलझ गए। इसके बाद गाड़ी से उतरकर निकले कार सवार और स्कूटी चालक में तू-तू मैं-मैं बढ़ गई। स्कूटी सवार बुजुर्ग के परिवार के सदस्य भी इस दौरान मौके पर पहुंच गए और कार सवार की टी शर्ट फाड़ दी। इसके बाद कार चालक ने अपने लोग बुला लिए। इन्होंने आते ही गाली गलौच शरू किया और दूसरे पक्ष पर झाड़ू से हमला कर दिया। इस दौरान बुजुर्ग की पगड़ी हवा में उछलती नजर आई। दोनों पक्षों में अभी गहमा-गहमी जारी है। इस सब घटना के वीडियो मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

झगड़ा करने वाले दोनों पक्ष लाडोवाली रोड के रहने वाले हैं। हालांकी दोनों अभी तक थाने में नहीं गए हैं। इसलिए इनकी पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार चालक गली से निकल रहा था। इस दौरान कार की साइड दूसरे पक्ष के घर के बाहर खड़ी स्कूटी को लग गई। इस पर कार चालक ने स्कूटी मालिक को सॉरी कह दिया। इस बीच स्कूटी मालिक का बेटा बाहर और गया और कार चालक से बहस हो गई। बहस हाथापाई तक पहुंच गई और कार चालक की टी-शर्ट फट गई। इसके बाद उसने भी अपने लोगों को बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में 10 मिनट तक जमकर बहस हुई और मारपीट भी हुई।

# रिहायशी इलाके में घुसा बारासिंघा

» लोगों में मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस व जंगलात विभाग



समर ब्यूरो | जालंधर

जालंधर के रिहायशी इलाके में बारासिंघा गांव के अंदर आ गया। बारासिंघा को देखकर गांववासियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद लोगों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद कुछ समय में वन विभाग की टीम ने बारासिंघा को जाल बिछाकर काबू कर लिया। वन विभाग की ओर से लोगों को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा कि इलाके में जंगली जानवर को देखते ही वह तुरंत इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दें। उन्होंने कहा कि काबू किए बारासिंघा को जगंलों में छोड़ा जा रहा है।

# पंजाबी एडवेंचरर्स ने आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की

» राजवीर जवंधा की मौत के बाद पूरे पंजाब में सुरक्षा संबंधी चिंताएँ पैदा हुई

समर ब्यूरो। बठिंडा




प्रसिद्ध गायक और युवा राइडर राजवीर जवंधा की आवारा पशुओं से जुड़ी सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पूरे पंजाब में चिंता और विरोध की लहर है। इस घटना ने राइडर समुदाय और आम नागरिकों को झकझोर दिया है। इसी कड़ी में पंजाबी एडवेंचर्स ने आवारा पशुओं के बेहतर प्रबंधन के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। संगठन के अध्यक्ष सुखमंदर सिंह चट्ठा ने कहा कि सड़कों पर बिना निगरानी घूम रहे आवारा पशु यातायात और जीवन दोनों के लिए खतरा बन गए हैं। महासचिव भूपिंदर मान ने कहा कि अगर राजवीर जवंधा जैसे सतर्क राइडर भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं, तो आम लोग कितने असुरक्षित हैं, यह सोचने वाली बात है। पंजाबी एडवेंचर्स ने बताया कि 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नाम डीसी को ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें गौशालाओं को बढ़ाने, नगर निगमों और नगर परिषदों की जिम्मेदारी तय करने, सड़क सुरक्षा संकेत और रात में विशेष गश्त की व्यवस्था करने की मांग की जाएगी।

इस अवसर पर संगठन ने पंजाब के सभी जिलों के बाइकर क्लबों, युवा समूहों और सामाजिक संगठनों से 15 अक्टूबर को अपने-अपने जिलों के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपने की अपील की है। संगठन के सदस्य जसविंदर बराड़ ने कहा कि आवारा पशुओं का मुद्दा केवल पशु समस्या नहीं, बल्कि जन सुरक्षा का गंभीर मुद्दा है। वहीं, जसवंत कौशिक और सबीना बराड़ ने कहा कि राजवीर जवंधा की याद में संगठन सड़क सुरक्षा और पशु प्रबंधन जागरूकता अभियान भी चलाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस बार माँग पत्र को गंभीरता से लेगी और लोगों की जान की सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाएगी।

# युद्ध नशों विरुद्ध' का 225वां दिन: पंजाब पुलिस ने 156 ग्राम हेरोइन सहित 56 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

समर ब्यूरो | चंडीगढ़




मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान "युद्ध नशों विरुद्ध" के 225वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 315 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 40 एफआईआर दर्ज कर 56 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पिछले 225 दिनों में कुल गिरफ्तार नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 32,732 हो गई है। इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 156 ग्राम हेरोइन, 200 ग्राम अफीम, 357 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 1600 रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के विरुद्ध चल रही इस जंग की निगरानी हेतु वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी गठित की है। इस अभियान के दौरान 60 राजपत्रित अधिकारियों की देखरेख में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की 100 से अधिक टीमों ने राज्यभर में 315 स्थानों पर छापेमारी की। पूरे दिन चले इस ऑपरेशन में पुलिस टीमों ने 324 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।

## श्री गुरु तेग बहादर जी का 350वां शहीदी दिवस

# तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा चारों नगर कीर्तन के रूट जारी

» संगत को नगर कीर्तनों में हाजिरी भरने का निमंत्रण

समर ब्यूरो | चंडीगढ़



पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया है कि पंजाब सरकार श्री गुरु तेग बहादर जी का 350वां शहीदी दिवस पूरी श्रद्धा से बड़े स्तर पर मना रही है। इन समागमों की सफलता और व्यवस्थापन के लिए पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों विभाग को नोडल विभाग नियुक्त किया गया है। रविवार को सौंद ने 19 नवंबर से शुरू होने वाले चार नगर कीर्तनों के रूटों के संबंध में जानकारी साझा की ताकि बड़ी संख्या में संगत इन नगर कीर्तनों में शामिल हो सके। उन्होंने बताया कि मुख्य नगर कीर्तन 19 नवंबर को श्रीनगर से शुरू होगा। जम्मू, पठानकोट, दसूहा, होशियारपुर, माहिलपुर और गढ़शंकर होता हुआ 22 नवंबर को नगर कीर्तन श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। 19 नवंबर को नगर कीर्तन का ठहराव जम्मू में, 20 नवंबर को पठानकोट में तथा 21 नवंबर को होशियारपुर में होगा। इस नगर कीर्तन की कुल दूरी 544 किलोमीटर होगी।

माझा-दोआबा रूट पर 20 नवंबर को नगर कीर्तन गुरदासपुर से शुरू होगा और बटाला, बाबा बकाला, श्री अमृतसर साहिब, तरन तारन, गोइंदवाल साहिब, कपूरथला, करतारपुर, जालंधर, बंगां और बलाचौर होता हुआ 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। 20 नवंबर को नगर कीर्तन का ठहराव श्री अमृतसर साहिब में और 21 नवंबर को जालंधर में होगा। इस नगर कीर्तन की कुल दूरी 345 किलोमीटर होगी। मालवा 1 रूट पर 20 नवंबर को नगर कीर्तन फरीदकोट से शुरू होगा और फिरोज़पुर, मोगा, जगराओ, लुधियाना, खन्ना, सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब, मुरिंडा, चमकौर साहिब और रूपनगर होता हुआ 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। 20 नवंबर को नगर कीर्तन का ठहराव लुधियाना में और 21 नवंबर को फतेहगढ़ साहिब में होगा। इस नगर कीर्तन की कुल दूरी 320 किलोमीटर होगी। स सौंद ने आगे बताया कि मालवा 2 रूट पर 20 नवंबर को नगर कीर्तन तलवंडी साबो से शुरू होगा और बठिंडा, बरनाला, संगरूर, पटियाला, राजपुरा, बनूर, मोहाली, कुराली और रूपनगर होता हुआ 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा। 20 नवंबर को नगर कीर्तन का ठहराव पटियाला में और 21 नवंबर को मोहाली में होगा। इस नगर कीर्तन की कुल दूरी 354 किलोमीटर होगी।

उन्होंने बताया कि नगर कीर्तनों और अन्य समागमों की सफलता के लिए जिला स्तर की बैठकें लगातार की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि इन समागमों की सफलता के लिए पंजाब सरकार ने एक मंत्री समूह बनाया है, जिसमें हरजोत सिंह बैंस, तरुनप्रीत सिंह सौंद, हरभजन सिंह ईटीओ और सलाहकार दीपक बाली शामिल हैं।

# हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

चंडीगढ़ | समर ब्यूरो

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में अनेक संशोधनों, अधिनियमों और नीतिगत निर्णयों को मंजूरी दी गई। बैठक में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, सुशासन को प्रोत्साहन देने और नागरिक सेवाओं को सरल बनाने पर बल दिया गया।



▪ **हरियाणा कारागार (संशोधन) नियम, 2025 को मंजूरी...** मंत्रिमंडल ने हरियाणा कारागार नियम, 2022 में संशोधन को स्वीकृति दी है।नए प्रावधान के तहत 'आदतन अपराधी' की परिभाषा जोड़ी गई है।

अब 'आदतन अपराधी' वह व्यक्ति होगा, जिसे किसी भी पाँच वर्षों की निरंतर अवधि में दो से अधिक बार अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया हो और कारावास की सजा सुनाई गई हो, बशर्ते कि सजा अपील या पुनरीक्षण में रद्द न की गई हो।

गणना के दौरान जेल में बिताई गई अवधि को पाँच वर्ष की अवधि में शामिल नहीं किया जाएगा।

▪ **हरियाणा हाउसिंग बोर्ड का एचएसवीपी के साथ विलय...** मंत्रिमंडल ने हरियाणा हाउसिंग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप को मंजूरी प्रदान की है, जिससे हाउसिंग बोर्ड का हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के साथ विलय किया जाएगा।इस कदम से प्रशासनिक दोहराव समाप्त होगा, शहरी विकास कार्यों में समन्वय बढ़ेगा और नागरिकों को सेवाएं अधिक कुशलता से मिलेंगी।

यह निर्णय मुख्यमंत्री के बजट भाषण 2025–26 में की गई घोषणा के अनुरूप है और इससे राज्य पर कोई प्रत्यक्ष वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।

▪ **ग्राम शामलात भूमि नियमों में संशोधन...** कैबिनेट ने ग्राम शामलात भूमि नियम, 1964 में संशोधन को मंजूरी दी है।अब खेती हेतु पट्टे पर दी जाने वाली भूमि में से 4 प्रतिशत भूमि 60% या अधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित की जाएगी।साथ ही, गौ अभ्यारण्य स्थापना हेतु भूमि पशुपालन विभाग या हरियाणा गौ सेवा आयोग को 5100 प्रति एकड़ वार्षिक दर पर 20 वर्ष के लिए पट्टे पर दी जा सकेगी।ग्राम पंचायत अब 250 एकड़ तक की भूमि उपयोग योजना तैयार कर सकेगी (पहले सीमा 100 एकड़ थी)।

▪ **हरियाणा जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अध्यादेश, 2025...** मंत्रिमंडल ने अध्यादेश लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है, जिसके तहत 42 राज्य अधिनियमों में निहित 164 प्रावधानों को अपराध मुक्त किया जाएगा।यह पहल भारत सरकार की "जन विश्वास अधिनियम, 2023" की भावना के अनुरूप है और राज्य स्तर पर अनुपालन बोझ घटाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

▪ **पंजाब फैक्ट्री नियम, 1952 में संशोधन को स्वीकृति...** संशोधन के तहत महिलाओं को निर्धारित सुरक्षा मानकों के अंतर्गत सभी श्रेणियों के कार्यों में कार्य करने की अनुमति दी जाएगी।शुल्क जमा करने की प्रक्रिया अब पूर्णतः ऑनलाइन होगी।यह बदलाव लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा।

▪ **हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को मंजूरी...** मंत्रिमंडल ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में संशोधन को स्वीकृति दी है।अब ग्राम सभा की बैठकों के लिए कोरम इस प्रकार होगा —

पहली बैठक में 40%, पहली स्थगित बैठक में 30% और दूसरी स्थगित बैठक में 20% सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक होगी।यह संशोधन ग्राम पंचायतों की कार्यकुशलता और पारदर्शिता में वृद्धि करेगा।

## पलवल में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया महाराजा पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण



पलवल | समर ब्यूरो

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को होडल के गांव औरंगाबाद में हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराजा पृथ्वीराज चौहान की अष्टधातु प्रतिमा और द्वार का अनावरण किया।इसके साथ ही उन्होंने 52 पाल कथा कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण, हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, खेल मंत्री गौरव गौतम, और पूर्व मंत्री हर्ष कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि 52 पाल द्वारा आयोजित भंडारे में आकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं।कृष्णपाल गुर्जर ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा सब पर बनी रहे।उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमें ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रेरित करती हैं और इस तरह के आयोजन पलवल जिले में लगातार होते रहते हैं।अंत में उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को कार्यक्रम की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## फायर ब्रिगेड अलर्ट-छुट्टियां रद्द, छोटी गाड़ियां भी तैयार

अम्बाला | समर ब्यूरो

साल का सबसे बड़ा त्योहार दिवाली नज़दीक है, ऐसे में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए अंबाला कैंट फायर स्टेशन ने पूरी तैयारी कर ली है। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए छोटी फायर गाड़ियां भी तैनात की गई हैं। जिले में कुल 34 गाड़ियां हैं, वहीं दिवाली पर किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही फायर डिपार्टमेंट ने अलर्ट मोड अपना लिया है। दीपावली के दौरान पटाखों और दीयों की वजह से आग लगने की घटनाएं अक्सर बढ़ जाती हैं। ऐसे में अंबाला फायर विभाग ने एहतियाती कदम उठाते हुए पूरी तैयारी कर ली है।फायर अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि जिले में कुल 34 फायर गाड़ियां हैं, जिनमें से 12 अंबाला कैंट में और बाकी नारायणगढ़ व शहर क्षेत्र में तैनात हैं। भीड़भाड़ वाले बाजारों के लिए छोटी फायर गाड़ियां भी लगाई गई हैं, ताकि किसी घटना के समय त्वरित कार्रवाई हो सके। विभाग ने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।



## दीपेंद्र हुड्डा का सरकार पर हमला... किसान परेशान, अधिकारी डर में, जवाब दे सरकार

रोहतक | समर ब्यूरो

रोहतक सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का करनाल पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। चंडीगढ़ से लौटने के बाद उन्होंने करनाल में पार्टी नेताओं और समर्थकों से मुलाकात की। पत्रकार वार्ता में हुड्डा ने IPS वाई पूरन कुमार की संदिग्ध मृत्यु के मामले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है। केवल SIT नहीं, बल्कि इसकी न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए, तभी सच्चाई सामने आएगी।उन्होंने कहा कि यदि एक ईमानदार अधिकारी तक सुरक्षित नहीं है तो आम नागरिक की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। हुड्डा ने तीखे शब्दों में कहा कि दोषी चाहे कितना भी बड़ा हो, बच नहीं पाएगा। न्याय सबके लिए समान होना चाहिए।किसानों के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा —धान खरीद में देरी, भुगतान में गड़बड़ी और प्रशासनिक लापरवाही से किसान त्रस्त हैं, जबकि सरकार मस्त है।हुड्डा ने कहा कि वाई पूरन कुमार जैसे ईमानदार अधिकारी की मौत ने पूरे हरियाणा की आत्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने इसे सिस्टम की निष्पक्षता पर सवाल बताया।



## बंबीहा गैंग के दो शूटरों का एनकाउंटर किया

गुरुग्राम | समर ब्यूरो

गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंबीहा गैंग के दो शार्प शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ मैदावास गाँव के पास हुई। सूचना के अनुसार, सेक्टर-39 और सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने की चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों ने इसके बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक बदमाश के पैर में और दूसरे के कंधे पर गोली लगी।दोनों को घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम में भर्ती करवाया गया है।गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सुमित और सुखनजीत, दोनों पंजाब निवासी, के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बंबीहा गैंग से जुड़े हुए हैं और कई राज्यों में आपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं।पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई गुरुग्राम में बढ़ते गैंग अपराध पर लगाम लगाने के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।



## धूप से लौटी रौनकः धान की खरीद तेज़, किसानों के चेहरे खिले

करनाल | समर ब्यूरो

करनाल जिले की मंडियों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। लगातार बारिश के बाद जैसे ही मौसम साफ हुआ और धूप खिली, धान की बिक्री में तेजी देखने को मिल रही है। किसानों के चेहरों पर मुस्कान है — कहीं धान एमएसपी से ऊपर बिक रहा है, तो कहीं अधिक नमी के कारण भाव थोड़ा नीचे है।

7 लाख क्विंटल से अधिक धान की आवक जिला प्रशासन के अनुसार अब तक करनाल की विभिन्न मंडियों में 7 लाख 5 हजार 318 क्विंटल धान की आवक दर्ज की जा चुकी है।सरकारी खरीद एजेंसियों ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है —

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 2,76,284 मीट्रिक टन... हैफेड ने 68,899 मीट्रिक टन,

और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 56,135 मीट्रिक टन धान की खरीद पूरी की है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीदे गए धान का उठान समय पर किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

▪ **मंडियों में बेहतर सुविधाएं...**

करनाल मार्केट कमेटी के सहायक सचिव योगेश कुमार ने बताया कि मंडियों में बारदाने, स्वच्छ पेयजल, सुलभ शौचालय और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने किसानों से अपील की, "धान को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लाएं, ताकि उन्हें बेहतर रेट मिल सके।"

▪ **किसानों के लिए राहत भरा मौसम...**

मौसम के खुलते ही धान की नमी में कमी आई है, जिससे बिक्री सुचारू रूप से हो रही है। अधिकतर किसानों को इस बार एमएसपी से ऊपर का भाव मिल रहा है, हालांकि नमी वाले धान को थोड़ा कम रेट मिल रहा है।

एक किसान ने बताया,बारिश के कारण पहले धान नहीं बिक पा रहा था, लेकिन अब मौसम साफ है और हमें अच्छा रेट मिल रहा है। जिनकी फसल में थोड़ी नमी है, उन्हें थोड़ा कम रेट मिल रहा है, लेकिन मंडी में कोई दिक्कत नहीं है।"

▪ **सरकार ने दी आश्वासन...** सहायक सचिव योगेश कुमार ने कहा,सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित की जा रही है। किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

कुल मिलाकर, साफ मौसम और प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने करनाल के किसानों को बड़ी राहत दी है। मंडियों में रौनक लौट आई है, और किसान अब अपनी मेहनत का सही मूल्य पाकर संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं।



### सोनीपत अनाज मंडीः अन्नदाताओं की परेशानियां बढ़ीं, सरकारी दावे खोखले साबित

## पीआर धान की खरीद शुरू : किसानों को मिली केवल नाममात्र की सुविधा, बारिश और तूफान से बचाई गई फसल मंडी में बेकार

सोनीपत | समर ब्यूरो

सोनीपत अनाज मंडी में किसानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। 22 तारीख से पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू हो गई है, लेकिन मंडी में खरीद केवल नाममात्र ही हुई है।किसानों का कहना है कि मंडी में सुविधाओं के नाम पर केवल दावे ही किए गए हैं, जबकि मूलभूत सुविधाएं तक अनुपलब्ध हैं।

बारिश और तूफान से बचाकर अपनी मेहनत की फसल, जिसे किसान पीला सोना कहते हैं, मंडी में लाए, लेकिन उनका इंतजार व्यर्थ साबित हो रहा है। किसानों के अनुसार, अधिकारियों की ओर से उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। समय पर खरीद न होने के कारण कई किसानों की फसल बारिश में खराब हो गई है।किसानों के समर्थन में मंडी पहुंचे किसान नेताओं ने अधिकारियों से बातचीत की और जल्द समाधान की मांग की। नेताओं का कहना है कि अगर किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हुआ, तो बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।किसान जयभगवान का कहना है कि – मैं 10 दिन से मंडी में बैठा हूँ, फसल नहीं बिक रही। सरकारी खरीद नाममात्र है। भाजपा नेता आते हैं, फोटो खिंचवाकर चले जाते हैं। वहीं, मंडी सेक्ट्री ज्योति मोर का कहना है कि मंडी में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है और सभी किसान सुविधाओं से संतुष्ट हैं। हालांकि डिजिटल मशीनों के कार्यान्वयन में भी केवल आश्वासन ही दिया गया है। ज्योति मोर का कहना है कि मंडी में कोई दिक्कत नहीं है और कोई किसान परेशान नहीं है।

सोनीपत अनाज मंडी में अन्नदाताओं की दुर्दशा यह सवाल उठाती है कि क्या सरकार और प्रशासन किसानों के हित में कदम उठाएंगे या केवल राजनीति होती रहेगी।




## गुरुग्राम : क्राइम ब्रांच ने बंबीहा गैंग के दो शार्प शूटरों का किया एनकाउंटर

गुरुग्राम | समर ब्यूरो

गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंबीहा गैंग के दो शार्प शूटरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ मैदावास गाँव के पास हुई। सूचना के अनुसार, सेक्टर-39 और सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने की चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों ने इसके बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान एक बदमाश के पैर में और दूसरे के कंधे पर गोली लगी।दोनों को घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम में भर्ती करवाया गया है।गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सुमित और सुखनजीत, दोनों पंजाब निवासी, के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बंबीहा गैंग से जुड़े हुए हैं और कई राज्यों में आपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं।पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई गुरुग्राम में बढ़ते गैंग अपराध पर लगाम लगाने के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।



# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में मंडी जिला ने रचा नया कीर्तिमान

**» 236394 महिलाओं व बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच, लक्ष्य से अधिक उपलब्धि**

**धर्मवीर | मंडी**

केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाए गए "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत मंडी जिला ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अभियान के दौरान 236394 महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई, जो निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है।

जिला के सभी प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. दीपाली शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान 191050 सामान्य महिलाओं, 7836 गर्भवती महिलाओं और 37508 स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अतिरिक्त, 131012 लोगों के हीमोग्लोबिन (एचबी) और 181522 लोगों के रक्तचाप (बीपी) सहित अन्य परीक्षण भी किए गए।



महिलाओं में कैंसर एवं अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता और रोग लक्षणों के प्रति जागरूक किया गया।डॉ. दीपाली शर्मा ने कहा कि मंडी जिला में यह अभियान पूरी तरह सफल रहा। विशेष रूप से महिलाओं में इसे लेकर उत्साह देखने को मिला और उन्होंने स्वेच्छा से अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना है, क्योंकि "महिला स्वस्थ रहेगी तो परिवार सशक्त बनेगा। उन्होंने सभी स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अभियान को सफल बनाने के लिए बधाई दी और कहा कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी।

# पहले डबल इंजन का नारा लगाकर जयराम ने लूटा प्रदेश का खजाना, फिर केंद्र ने रोका हिमाचल का पैसा : मुख्यमंत्री

**समर ब्यूरो | मंडी**

शनिवार को मंडी जिला के करसोग विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र और पूर्व भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने "डबल इंजन" का नारा लगाकर प्रदेश के खजाने को लगातार खाली किया।

सीएम सुक्खू ने आरोप लगाया कि अब केंद्र ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के लिए हिमाचल के पैसे को रोक रखा है। उन्होंने कहा, "जब प्रदेश में जयराम ठाकुर की सरकार थी, तब केंद्र ने भाजपा को खूब पैसा लौटाया, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद हिमाचल की जनता के पैसे पर ताला लगा दिया गया।सीएम ने यह भी कहा कि केंद्र ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में जयराम सरकार को 50 हजार करोड़ रुपये कम दिया। उनका आरोप है कि हिमाचल के भाजपा नेता ही दिल्ली जाकर प्रदेश के पैसों को रोकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की एडिशनल बॉरोइंग योजना भी भाजपा नेताओं के दबाव में बंद करवाई गई।



**जयराम ठाकुर पर ठेकेदारों को पालने के गंभीर आरोप**

सीएम सुक्खू ने जयराम ठाकुर पर ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जयराम ने अपने कार्यकाल में 1,000 करोड़ रुपये के भवन बेफिजूल बनवाए, जो आज खाली पड़े हैं।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष के गृह विधानसभा में 40 करोड़ रुपये की लागत से बना आईटीआई भवन वर्तमान में सिर्फ 18 छात्रों को प्रशिक्षण दे रहा है। इसका सीधा संकेत है कि हिमाचल के पैसों का दुरुपयोग केवल ठेकेदारों के लिए किया गया।

**सोशल मीडिया पर छवि खराब करने का आरोप** : सीएम ने भाजपा पर सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी छवि खराब करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मीडिया सेल उनकी वीडियो पर लगातार कमेंट्स की बौछार करता है, लेकिन वे इससे घबराने वाले नहीं हैं।

बता दें कि कुछ दिन पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में जन संपर्क विभाग द्वारा हायर की गई निजी एजेंसी के माध्यम से सोशल मीडिया पर छवि धूमिल करने का आरोप लगाया था। इस मुद्दे पर जयराम ठाकुर ने कोर्ट में भी बयान दिया था।

**करसोग में 132.8 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन** : एक दिवसीय दौरे के दौरान सीएम सुक्खू ने करसोग में 132.8 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

**मुख्य परियोजनाओं में शामिल हैं:**

34.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन। 1.67 करोड़ रुपये की लागत से विषयवाद विशेषज्ञ उद्यान कार्यालय भवन। 29.51 लाख रुपये की लागत से पंचायत सामुदायिक केंद्र तृमण। 90.11 लाख रुपये का माहूंनाग मंदिर परिसर सौंदर्यीकरण। 71.57 लाख रुपये का मेंहडी ग्राम पंचायत कार्य। 13 लाख रुपये का स्वास्थ्य उपकेंद्र भंथल। 32.74 लाख रुपये का ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र सूई-कुफरीधार। 13.75 लाख रुपये का संयुक्त कार्यालय भवन पुस्तकालय।

**सड़क परियोजनाओं में :**

31.80 लाख रुपये की भकरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क का उन्नयन। 13.18 करोड़ रुपये की खील-भगेलु सड़क उन्नयन। 19.75 करोड़ रुपये की खील-भगेलु (कैलोधार-गरजूब) सड़क उन्नयन। 11.06 करोड़ रुपये की छलोग-बघेल मार्ग। 18.60 करोड़ रुपये की कैलोधार-सैंज सड़क।

# शिमला पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोनियागांधीकाकियागर्मजोशीसेस्वागत

**समर ब्यूरो | शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला पहुंचने पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्षा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके हिमाचल आगमन पर हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि सोनिया गांधी का आगमन प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।




# जिला चंबा में बरसात से 800 करोड़ का नुक्सान, सबसे अधिक प्रभावित चुवाड़ी उपमंडल

**मंज़ूर | चम्बा**

जिला चंबा में तीन माह - जुलाई, अगस्त और सितंबर की बरसात के दौरान भारी नुक्सान हुआ है। इस अवधि में कुल 800 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी कि लोक निर्माण विभाग को 330 करोड़, जल शक्ति विभाग को 128 करोड़ और ग्रामीण विकास विभाग को 300 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है। इस बरसात में सड़कों, पुलों और सामुदायिक भवनों को भारी क्षति पहुंची है।जिला के चुवाड़ी उपमंडल में सबसे अधिक प्रभाव देखा गया, जहां लोक निर्माण विभाग को अकेले 123 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है, जबकि करीब 40 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। बरसात से 1365 परिवारों के मकानों को क्षति पहुंची है, जबकि 171 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। इन परिवारों के लिए प्रशासन ने पंचायत स्तर पर रहने की व्यवस्था की है। उपायुक्त ने बताया कि पंचायतों में हुए नुक्सान की भरपाई के लिए मनरेगा के माध्यम से डिजास्टर शैल्फ को मंजूरी दी गई है और सभी विकास खंडों में राहत व पुनर्वास कार्य जारी हैं। राज्य सरकार ने राहत कार्यों के लिए जिला चंबा को 35 करोड़ रुपए की फौरी राहत राशि जारी की है, जिसे आगे वितरित कर दिया गया है।



# कांगड़ा के गिद्ध पाकिस्तान बॉर्डर तक भर रहे उड़ान, 500 नए घोंसले मिलने से वन विभाग उत्साहित



**अरविन्द | हमीरपुर**

पर्यावरण के संतुलन के प्रतीक गिद्ध अब हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा ज़िले से पाकिस्तान की सीमा तक उड़ान भर रहे हैं। वन्य प्राणी विभाग और वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किए गए संयुक्त सर्वे में यह जानकारी सामने आई है। विभाग ने पाँच व्हाइट-रंप्ड वल्चर को रेडियो टैगिंग और कॉलरिंग की है, जिनकी मूवमेंट पाकिस्तान बॉर्डर तक रिकॉर्ड की गई है। इसके अलावा, हालिया सर्वे में इस दुर्लभ प्रजाति के 500 नए घोंसले मिलने से विभाग में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि इन घोंसलों में हजारों अंडे हो सकते हैं।कांगड़ा जिले में व्हाइट-रंप्ड वल्चर के अलावा अन्य प्रजातियों के गिद्ध भी पाए जाते हैं, लेकिन इस सर्वे को विशेष रूप से इसी प्रजाति पर केंद्रित किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ये गिद्ध इतनी लंबी उड़ान भर रहे हैं तो यह संकेत है कि वे अन्य सुरक्षित स्थानों पर भी अपने घोंसले बना रहे होंगे।

विभाग अब उन स्थानों पर फीडिंग स्टेशन विकसित करने की योजना बना रहा है जहाँ गिद्धों के घोंसले अधिक संख्या में मिले हैं। इससे उन्हें पर्याप्त भोजन मिलता रहे। पुराने प्राकृतिक फीडिंग स्टेशनों को भी पुनः सक्रिय और सुदृढ़ किया जाएगा। पौंग डैम के पास पहले से ही दो फीडिंग स्टेशन हैं, जहाँ स्थानीय लोग अपने मृत पशुओं को पहुँचाते हैं।

डीएफओ (वाइल्ड लाइफ) रेजिनॉल्ड रॉयस्टन ने बताया कि कांगड़ा में व्हाइट-रंप्ड वल्चर प्रजाति का सर्वे किया गया जिसमें 500 नए घोंसले मिले हैं। पाँच गिद्धों की रेडियो टैगिंग और कॉलरिंग की गई है। इनकी मूवमेंट पाकिस्तान सीमा तक दर्ज हुई है। जहाँ भी गिद्धों की संख्या अधिक मिली है, वहाँ फीडिंग स्टेशनों को सुदृढ़ करने की योजना है।

# कांग्रेस के बड़े नेता हिमाचल आ रहे हैं वह मुख्यमंत्री से लें गारंटियों का हिसाब : जयराम ठाकुर

**समर ब्यूरो | शिमला**

शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अब 3 साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। प्रदेश के नेताओं के साथ-साथ कल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का भी हिमाचल में जमावड़ा हो रहा है। ऐसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हिमाचल सरकार से उनके 3 साल का हिसाब लेने और प्रदेशवासियों को बताएं कि उनकी कितनी गारंटियां पूरी हो चुकी हैं। गारंटियों का लाभ किसे मिल चुका है और कैसे मिल चुका है? क्या सरकार ने कोई गारंटी उस तरीके से पूरी की है जैसा कांग्रेस ने वादा किया था। कांग्रेस के आला कमान को हिमाचल प्रदेश सरकार से इस बात का भी आंकड़ा लेकर जारी करना चाहिए कि कितने युवाओं को ठूंजा साल वाली पक्की नौकरी मिल चुकी है। कितने युवाओं को राजीव गांधी स्टार्टअप योजना का लाभ मिल चुकाहै? कितनी महिलाओं को सम्मान निधि मिल गई है। 100 किलो के हिसाब से कितने किसानों का दूध खरीदा गया है। जब सेब के दाम बागवानों को ही तय करने की गारंटी दी थी तो 27 साल में सबसे कम रेट सेब का क्यों मिल रहा है? जयराम ठाकुर ने कांग्रेस आला कमान से आग्रह किया कि वह सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों में न पड़कर जमीनी हकीकत भी पता लगाएं। वह सरकार से पूछे कि प्रदेश में हिम केयर के तहत लोगों को इलाज क्यों नहीं मिल रहा है? लोग इलाज के लिए क्यों भटक रहे हैं? सरकार हिम केयर का पैसा क्यों नहीं जमा कर रही है? सरकार आपदा प्रभावितों को फौरी राहत तक क्यों नहीं दे पाई है? पूरे देश में संविधान बचाओ यात्रा चलाने वाली कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में नगर निगम और पंचायत चुनाव को टालकर हिमाचल प्रदेश के लोगों की संवैधानिक हकों को क्यों छीन रही है? कांग्रेस आला कमान को सरकार से यह भी पूछ कर प्रदेशवासियों को बताना चाहिए कि आज प्रदेश भर के पेंशनर सड़कों पर आने को क्यों लामबंद है? वह कौन सा गैर वाज़िब हक मांग रहे हैं? उन्हें उनके मेडिकल बिल और एरियर का भुगतान क्यों नहीं हो रहा है? हिमाचल प्रदेश में मित्रों के अलावा पूरा प्रदेश त्रस्त क्यों है? जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस आला कमान प्रदेश वासियों को यह भी बताएं कि हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार को मित्रों की सरकार क्यों कह रही है? प्रदेश में विकास के बजाय पीछे क्यों जा रहा है? पूरी सरकार ही कार्यवाहक ब्यूरोक्रेसी के भरोसे क्यों चल रही है? पूरी सरकार झूठ की वैसाखियों पर क्यों टिकी है? हिमाचल प्रदेश की सरकार के साथ ही साथ कांग्रेस वाला कमान को भी हिमाचल के साथ हुए इस छल का जवाब देना पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोगों की सेवा के लिए, के विकास के लिए मंदिरों में जाकर कसमें खाने की जरूरत नहीं होती है। झूठी गारंटियां देने की जरूरत नहीं होती है।



# ब्रेन ऑफ हिमाचल 2025: हिमाचल के युवा पढ़ाई और हुनर में दिखा रहे दम, उपमुख्यमंत्री ने सराहा



**समर ब्यूरो | शिमला**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज एस्पायर द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित 'ब्रेन ऑफ हिमाचल 2025' पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले गांवों में महिलाओं की शिक्षा का स्तर कम था, लेकिन आज उनके बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अधिकारी, जज और शिक्षक बनकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता बच्चों को बेहतरीन सुविधाएं और अवसर मुहैया कराना है। उनका मानना है कि अगर बच्चों को सही अवसर दिए जाएं तो वे हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज पूर्ण साक्षर राज्य बन चुका है और प्रदेश में आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थान स्थापित होने में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और खेल-कूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान जमा दो कक्षा के अक्षत ठाकुर को 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' चुना गया। उन्हें ऑल्टो कार इनाम में दी गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने एस्पायर डिजिटल की लॉन्चिंग भी की।एस्पायर के एमडी योगेन्द्र मीना ने बताया कि एस्पायर आईआईटी एंड मेडिकल की स्थापना 2013 में प्रदेश के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग देने के उद्देश्य से हुई। वर्ष 2025 में एस्पायर के माध्यम से 141 छात्रों का चयन नीट परीक्षा में और 52 का चयन जेईई परीक्षा में हुआ। हर वर्ष एस्पायर हिमाचल का सबसे बड़ा टैलेंट हंट एग्जाम 'ब्रेन ऑफ हिमाचल' आयोजित करता है। यह परीक्षा छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाने और उनकी प्रतिभा को पहचानने का अवसर बन चुकी है।

# दशहरे पर कुल्लू में मेगा जॉब फेयर, हजारों युवाओं के लिए बड़ा अवसर



**मनमिंदर अरोड़ा | कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव अपनी सांस्कृतिक रौनक के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार युवाओं के लिए भी एक बड़ा अवसर जुड़ रहा है। 15 अक्तूबर को ढालपुर रथ मैदान में जिला प्रशासन मेगा रोजगार मेला आयोजित कर रहा है।इसमें प्रदेश और देश की कई बड़ी कंपनियां हिस्सा लेंगी। प्रशासन का दावा है कि मेले में 1000 से अधिक रिक्तियां पेश की जाएंगी। युवा पर्यटन उद्योग, होटल व्यवसाय, फार्मा सेक्टर, सिक्योरिटी सर्विसेज, ऑटोमोबाइल कंपनियों और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में अवसर पा सकेंगे। इस मेले में 12वीं पास से लेकर तकनीकी योग्यता रखने वाले उम्मीदवार तक के लिए मौके हैं।मेले में कंपनियों के इंटरव्यू स्टॉल के साथ-साथ काउंसलिंग डेस्क भी होंगे, जहां युवाओं को सही करियर विकल्प, दस्तावेज़ तैयारी, इंटरव्यू शिष्टाचार और स्किल मैपिंग के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा। कई संस्थान प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप मॉडल भी पेश करेंगे।जिला प्रशासन ने प्रवेश-निकास मार्ग, सुरक्षा, पार्किंग, पानी, शौचालय और भीड़ नियंत्रण की पूरी योजना तैयार कर ली है। बाहरी कंपनियों के लिए सुविधाजनक आवागमन और स्थान आवंटन की अलग व्यवस्था की जा रही है। युवाओं से आग्रह किया गया है कि वे पहचान पत्र, योग्यता प्रमाणपत्र, बायोडाटा की प्रतियां और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू से संपर्क किया जा सकता है: 01902-222522 या ईमेल deo-kul-hp@nic.in।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से सफलता की नई मिसाल बने पपलाह के राजेंद्र कुमार

**» उद्यान विभाग की सब्सिडी से तैयार किया पांच » कनाल में बागीचा, शुरुआती दौर में ही पांच क्विंटल उत्पादन**

**अरविन्द | हमीरपुर**

जिला हमीरपुर जैसे कम ऊंचाई और कम नमी वाले क्षेत्रों में भी अब फल उत्पादन की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा उद्यान विभाग के माध्यम से आम, अमरूद और नींबू जैसी प्रजातियों की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ अब विभाग लीक से हटकर अन्य फलों की खेती को भी प्रोत्साहित कर रहा है। इसी दिशा में भोरंज उपमंडल के गांव पपलाह के राजेंद्र कुमार उर्फ रवि मैहर ने एक मिसाल कायम की है।

राजेंद्र कुमार ने उद्यान विभाग से प्राप्त सब्सिडी के सहयोग से पांच कनाल भूमि पर ड्रैगन फ्रूट का बागीचा तैयार किया है। शुरुआती चरण में ही उन्होंने लगभग पांच क्विंटल उत्पादन हासिल किया है। यह प्रयास न केवल उनकी मेहनत और नवाचार का परिणाम है, बल्कि जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन गया है।



यूट्यूब से सीखी तकनीक, महाराष्ट्र में लिया प्रशिक्षण

राजेंद्र कुमार बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले उन्होंने यूट्यूब पर ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इस विषय पर गहराई से अध्ययन किया और महाराष्ट्र जाकर प्रशिक्षण भी लिया। प्रशिक्षण के उपरांत उन्होंने उद्यान विभाग की 29,160 रुपये की सब्सिडी लेकर बागीचा लगाने का निर्णय लिया।

864 पौधों का बागीचा, 216 पोल पर की गई पौधारोपण व्यवस्था

राजेंद्र कुमार ने बताया कि बागीचे में 216 पोल लगाए गए हैं, और प्रत्येक पोल पर चार पौधे लगाए गए हैं। इस तरह कुल 864 पौधों का बागीचा तैयार हुआ है। इस वर्ष कुछ पौधों में पहली फसल आई, जिससे लगभग पांच क्विंटल ड्रैगन फ्रूट का उत्पादन हुआ।बाजार में ड्रैगन फ्रूट का दाम 200 से 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक आसानी से मिल जाता है, जिससे राजेंद्र को अच्छी आमदनी हुई।

कम खर्च, अधिक मुनाफा

राजेंद्र बताते हैं कि एक पोल और उस पर चार पौधे लगाने पर लगभग दो से ढाई हजार रुपये का खर्च आता है। हालांकि, एक बार पौधा तैयार हो जाने के बाद यह लंबे समय तक फल देता है और देखभाल में भी अधिक मेहनत नहीं लगती। यही कारण है कि यह खेती किसानों के लिए फायदेमंद और टिकाऊ विकल्प बन सकती है।

अब नर्सरी से अन्य किसानों को भी लाभ

राजेंद्र कुमार ने अब अपने खेत में ड्रैगन फ्रूट की नर्सरी भी तैयार कर ली है, जहां से अन्य किसान पौधे प्राप्त कर सकते हैं। उद्यान विभाग के अधिकारी उनके बागीचे को मॉडल फार्म के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयासरत हैं, ताकि अन्य किसान भी प्रेरित होकर इस लाभकारी खेती की ओर अग्रसर हो सकें।

.प्रेरणास्रोत बने प्रगतिशील किसान

पपलाह के राजेंद्र कुमार ने ड्रैगन फ्रूट की खेती कर यह साबित कर दिया है कि नवाचार, मेहनत और सही मार्गदर्शन से किसान नई फसलें अपनाकर अपनी आमदनी कई गुना बढ़ा सकते हैं। उनका यह प्रयास जिले के अन्य किसानों-बागवानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

# धनोटू के द्रमण गांव के किसान सरवन कुमार ने प्राकृतिक खेती को बनाया रोजगार का जरिया

**धर्मवीर | मंडी**

प्राकृतिक खेती आज किसानों की जिंदगी में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण है विकास खंड धनोटू के द्रमण गांव निवासी सरवन कुमार। वर्षों पहले उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने का निर्णय लिया और शुरुआती दौर में कई कठिनाइयों का सामना किया। लेकिन, हार न मानते हुए उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की।

सरवन कुमार ने आत्मा परियोजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग बंद कर दिया। इसके बजाय देसी गाय के गोबर व गौमूत्र से तैयार जैविक खाद और घोल का प्रयोग शुरू किया। इसके बाद उन्होंने लगातार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए इसे रोजगार का माध्यम बनाया।आज वे धनोटू स्थित प्राकृतिक खेती उत्पाद बिक्री केंद्र के निदेशक और प्रबंधक हैं। इसके साथ ही वे आत्मा परियोजना में मास्टर ट्रेनर के रूप में भी कार्यरत हैं और अन्य किसानों को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रहे हैं। इस बिक्री केंद्र से क्षेत्र के लगभग 150 किसान जुड़े हैं, जिनमें से 40 से अधिक किसानों को सीधे आर्थिक लाभ मिल रहा है। केंद्र से प्रति माह 60–70 हजार रुपए की आय हो रही है ।उन्होंने बताया कि हमारे केंद्र से जुड़े किसानों को अब बिचौलियों की चिंता नहीं। उनके उत्पाद उचित मूल्य पर बिक रहे हैं और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिली है। इस बिक्री केंद्र में प्राकृतिक खेती के उत्पाद जैसे हल्दी, अचार, मोटा अनाज, विभिन्न प्रकार के आटे, शरबत, आंवला कैंडी, एप्पल चिप्स, एप्पल साइडर विनेगर, सिरा और बड़ियां उपलब्ध हैं। किसानों के उत्पाद न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि नौणी विश्वविद्यालय आउटलेट, नम्होल कामधेनु आउटलेट और दिल्ली तथा धर्मशाला के जैविक हाटों तक भी पहुँच रहे हैं। इससे किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलता है और उनकी आय में स्थिरता आई है।



# थायरॉइड की समस्या से कैसे मिलेगी निजात



आजकल थायरॉइड एक आम स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, जो कई लोगों को प्रभावित कर रही है। आधुनिक चिकित्सा इसे हार्मोनल असंतुलन मानती है, वहीं आयुर्वेद इसे शरीर के गहरे असंतुलन का संकेत मानता है। आयुर्वेद में थायरॉइड को 'अग्नि दोष', 'धातु विकृति' और 'त्रिदोष असंतुलन' के रूप में देखा जाता है, जिसमें वात, पित्त और कफ दोषों की अहम भूमिका होती है। यह दृष्टिकोण शरीर को एक समग्र इकाई मानकर उपचार पर जोर देता है, जिसमें थायरॉइड केवल एक ग्रंथि नहीं, बल्कि चयापचय और ऊर्जा संतुलन का केंद्र है। आयुर्वेद के अनुसार, थायरॉइड ग्रंथि विशुद्ध चक्र (गले का चक्र) से जुड़ी है, जो 'जठराग्नि' (पाचन शक्ति) और 'धात्वग्नि' (ऊतकों की अग्नि) को नियंत्रित करती है। हाइपोथायरायडिज्म में वात और कफ की अधिकता होती है, जिससे थकान, वजन बढ़ना और सुस्ती जैसे लक्षण दिखते हैं।

वहीं, हाइपरथायरायडिज्म में पित्त की अधिकता से चिड़चिड़ापन, वजन घटना और तेज धड़कन जैसी समस्याएं होती हैं।

इसके प्रबंधन के लिए आयुर्वेद जीवनशैली में बदलाव पर जोर देता है। पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और आयोडीन व जिंक युक्त आहार जरूरी है।

आयुर्वेद के अनुसार, अश्वगंधा, गुग्गुलु, शिलाजीत और त्रिफला जैसी जड़ी-बूटियां थायरॉइड को संतुलित करने में मदद करती हैं।

पंचकर्म जैसी शुद्धिकरण प्रक्रियाएं शरीर से विषाक्त पदार्थ निकालकर दोषों को संतुलित करती हैं। साथ ही सुबह 10 से 15 मिनट गुनगुनी धूप भी लेनी चाहिए।

खासतौर से सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, मत्स्यासन और नौकासन कर सकते हैं और प्राणायाम में अनुलोम-विलोम और उज्जायी को करना चाहिए। ऐसा करने से चयापचय बेहतर होता है।

आयुर्वेदिक विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित दिनचर्या, सात्विक आहार और ध्यान लगाने से थायरॉइड को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। आधुनिक और आयुर्वेदिक दृष्टिकोण को मिलाकर उपचार करने से न केवल इसके लक्षणों में राहत मिलती है, बल्कि शरीर का समग्र स्वास्थ्य भी सुधरता है।



# खाने के बाद करें ये तीन योगासन

## नींद और पाचन दोनों में होगा सुधार

जकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और चिंता जैसी समस्याएं आम हो गई हैं, जिससे नींद न आना, सोते समय बेचैनी, मन का भटकना और आराम की कमी आदि ये परेशानियां अब आम हो गई हैं। इससे राहत पाने के लिए कई लोग महंगे इलाज और दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन तब भी कोई असर नहीं होता।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, योगासन ऐसी प्राकृतिक विधि है जो इन समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकती है। खास बात यह है कि योग के कुछ आसान आसन आपको न केवल गहरी नींद देंगे, बल्कि दिनभर के तनाव को भी कम करेंगे।

**वज्रासन** : यह आसन खाने के बाद भी किया जा सकता है। इससे शरीर के रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे पाचन तंत्र को मदद मिलती है। जब पाचन ठीक रहता है तो एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याएं कम होती हैं, जो अक्सर नींद की बाधा बन जाती हैं। खाने के बाद अगर आप पांच से दस मिनट तक वज्रासन में बैठें तो पेट को आराम मिलता है और आपको नींद भी जल्दी आती है। वज्रासन में बैठने का तरीका सरल है: घुटनों के बल बैठें, पैर की उंगलियां एक-दूसरे को छूती रहें और एड़ियां अलग रखें। शरीर को सीधा रखते हुए आंखें बंद करें और सांस पर ध्यान दें। यह आसन पीठ के निचले हिस्से के दर्द को भी कम करता है, जो लंबे समय तक बैठे रहने के कारण होता है। इससे नींद की गुणवत्ता बढ़ती है और मन भी शांत होता है।



**यष्टिकासन** : यह शरीर और मन दोनों को आराम देने वाला योगासन है। यह रीढ़ की हड्डी को खिंचाव देता है और पीठ दर्द को कम करता है। तनाव और मांसपेशियों की जकड़न को दूर करके यह आसन बेचैनी को खत्म करता है, जिससे सोते समय मन शांत रहता है। इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं, पैरों को फैलाएं और हाथों को शरीर के बगल में रखें। फिर हाथों को धीरे-धीरे सिर के ऊपर जमीन पर फैलाएं। इस खिंचाव की स्थिति को छह सेकंड तक रखें और फिर आराम दें। इसे चार-पांच बार दोहराएं। यह स्ट्रेच मांसपेशियों को रिलेक्स करता है और नींद के लिए मन को पूरी तरह तैयार करता है।



**भद्रासन**: यह योगासन मन को शांति देने में बेहद मददगार है। इस आसन में आप अपने दोनों पैरों को घुटनों से मोड़कर तलवों से मिला लें और घुटनों को धीरे-धीरे फर्श की ओर दबाते रहें। हाथों को पेट पर रखकर आराम से सांस लें। यह आसन न केवल निचले हिस्से में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है, बल्कि जांघ की मांसपेशियों को भी खिंचाव देता है। इस खिंचाव से बेचैनी दूर होती है और मन स्थिर हो जाता है, जो नींद के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# स्मृति मंधाना ने वनडे में रचा इतिहास, कैलेंडर ईयर में 1000 रन बनाने वाली पहली महिला बनीं



**समर ब्यूरो | नई दिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया है। वनडे फॉर्मेट में मंधाना एक कैलेंडर ईयर में 1,000 रन बनाने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने यह कारनामा महिला विश्व कप 2025 के 13वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया। उन्होंने साल 2025 में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 1997 में 16 मुकाबलों की 14 पारियों में 80.83 की औसत के साथ 970 रन जुटाए थे। इंग्लैंड की लौरा वोल्वार्ड्ट साल 2022 में 18 वनडे मुकाबलों के दौरान 882 रन अपने नाम कर चुकी हैं।

यह खिलाड़ी लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। साल 1997 में 16 वनडे मुकाबले खेलकर 62.85 की औसत के साथ 880 रन जुटाने वालीं डेबोरा हॉकले लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं, जबकि साल 2016 में 15 मुकाबलों की 14 पारियों में 85.30 की औसत के साथ 852 रन बनाने वालीं एमी सैटरथवेट पांचवें पायदान पर मौजूद हैं। स्मृति मंधाना ने इस साल आयरलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल चार शतक लगाए हैं। वह इस विश्व कप 8, 23 और 23 रन की पारी खेल चुकी हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय टीम इस विश्व कप में 3 में से 2 मैच जीतकर तीसरे पायदान पर मौजूद है। टीम इंडिया ने श्रीलंका के विरुद्ध अपना पहला मैच डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 59 रन से जीता था। इसके बाद पाकिस्तान को 88 रन से हराया।

हालांकि, भारत को साउथ अफ्रीका के विरुद्ध अपना तीसरा मैच 3 विकेट से गंवाना पड़ा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई टीम 3 में से 2 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। इस टीम ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से शिकस्त दी, जिसके बाद श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला बेनतीजा रहा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 107 रन से धूल चटाई।

# महिला विश्व कप : बल्ले के बाद गेंद से नेट सेवियर ब्रंट का शानदार प्रदर्शन, इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हराया

**समर ब्यूरो | कोलंबो**

महिला विश्व कप 2025 के 12वें मैच में इंग्लैंड ने श्रीलंका को 89 रन से हरा दिया है। श्रीलंका विश्व कप में अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है। कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 254 रन का लक्ष्य मिला था। श्रीलंका की टीम 45.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई और 89 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा ने 35, हर्षिता समरविक्रमा ने 33 और निलाक्षिका सिल्वा ने 23 रन की पारी खेली। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। एक्लेस्टन ने 10 ओवर में 3 मेडन फेंके और सिर्फ 17 रन देते हुए 4 विकेट झटके। कप्तान नेट सवियर ब्रंट और चार्ली डीन ने 2-2, लिंसे स्मिथ और एल्सी कैप्सी ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 253 रन बनाए थे। कप्तान नेट सेवियर ब्रंट के 117 गेंद पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से बनाए 117 रन की शतकीय पारी खेली थी।

कप्तान के अलावा टैमी ब्यूमाउंट ने 29 गेंद पर 32, हिदर नाईट ने 47 गेंद पर 29 और चार्ली डिन ने 36 गेंद पर 19 रन बनाए। सभी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत मिलने के बाद भी अपनी पारी को बड़ा नहीं कर पाईं। नेट सेवियर ब्रंट ने एंकर भूमिका निभाई। वह नौवें विकेट के रूप में आउट हुईं। इस दौरान छोटी-छोटी साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर उन्होंने 253 तक पहुंचाया।

श्रीलंका के लिए इनोका रानावीरा ने 10 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। वह टीम की तरफ से श्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। इसके अलावा उदेशिका प्रबोधनी ने 9 ओवर में 55 रन देकर 2, सुगंदिका कुमारी ने 10 ओवर में 66 रन देकर 2, और कविशा दिल्हाड़ी ने 8 ओवर में 34 रन देकर 1 विकेट लिए।

श्रीलंका की तीसरे मैच में यह दूसरी हार है। एक मैच बारिश की वजह से धुल गया था। अंकतालिका में श्रीलंका सातवें स्थान पर है। वहीं इंग्लैंड 3 मैच में 3 जीत के साथ 6 अंक लेकर पहले स्थान पर चली गई है।




# भारत बनाम वेस्टइंडीज : 'फाइव विकेट हॉल' के साथ कुलदीप यादव ने रचा इतिहास




**समर ब्यूरो | नई दिल्ली**

कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए। इसी के साथ कुलदीप टेस्ट फॉर्मेट में सर्वाधिक बार 5 या इससे अधिक विकेट हासिल करने वाले बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर्स की लिस्ट में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर आम तौर पर परंपरागत बाएं हाथ के फिंगर स्पिनरों की तुलना में अलग होते हैं। उन्हें क्रिकेट टर्म में चाइनामैन गेंदबाज भी कहा जाता है। कुलदीप यादव ने इस मामले में जॉनी वार्डल की बराबरी कर ली है। इंग्लैंड के इस स्पिनर ने अपने करियर के 28 टेस्ट मुकाबलों में पांच बार यह कारनामा किया था। कुलदीप यादव महज 15 टेस्ट मुकाबलों में उनकी बराबरी कर चुके हैं। ऐसे में उनके पास भविष्य में जॉनी वार्डल को पछाड़ने का मौका होगा।

इस लिस्ट में पॉल एडम्स तीसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट मुकाबलों में चार बार यह कारनामा किया था। कुलदीप यादव 15 टेस्ट मुकाबलों में अब तक 21.09 की औसत के साथ 65 विकेट हासिल कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट फॉर्मेट में डेब्यू करते हुए कुलदीप ने अपनी पहली ही पारी में 4 विकेट हासिल किए थे। अक्टूबर 2018 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में पहली पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया था। इसके बाद इस चाइनामैन गेंदबाज ने जनवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध पारी में 5 विकेट अपने नाम किए। यह मैच सिडनी में खेला गया था। इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर 2022 में कुलदीप यादव ने महज 16 ओवरों में 40 रन देकर 5 विकेट चटकाए। इसके बाद उन्होंने मार्च 2024 में धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 72 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। भारत-वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे इस मुकाबले की बात करें, तो अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित करने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज को उसकी पहली पारी में 248 रन पर समेट दिया है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 38

## स्टेट्स के नाम पर पिस्तौलः युवाओं की सोच ने बढ़ाया अपराध का ग्राफ, प्रशासन पर सवाल

# मितरां नूं शौंक हत्यारां दा... लुधियाना के लोगों पर पड़ा भारी

सुनील शिंगार/अशवनी पाहवा | लुधियाना

हथियारों के ऊपर बनने वाले गाने या फिर स्टेटस सिंबल के चलते इन दोनों महानगर के युवा पिस्तौल रखता अपना स्टेटस मान रहे हैं। इन युवाओं का यही स्टेटस महानगर में कहीं ना कहीं कानून व्यवस्था को तार तार कर रहा है। इसी का नतीजा है कि महानगर में बीते तकरीबन 15 दिनों में ही 4 ऐसी बड़ी वारदातें हो गई जिसमें दो लोगों को अपनी जान से हाथ गवाना पड़ा जबकि चार लोगों के गोलियां लगी और वह घायल हैं। गोलियां चलने का यह सिलसिला महानगर में लगातार जारी है जबकि पुलिस ऐसे लोगों की गिरफ्तारी के भी दावे करती रही है। पर सवाल यह है कि आखिर यह है कब तक चलेगा।

▪ **इन इलाकों में हुई वारदातें** : बीते दिनों जो बड़ी वारदातें हुईं है वह जमालपुर, मोती नगर, टिब्बा रोड, ताजपुर रोड, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी और घोड़ा कॉलोनी इलाके है। इन इलाकों में लड़ाई झगड़े के बड़े मामले और गोलियां चलने की बात भी सामने आई। इन्हीं इलाकों से पुलिस ने बीते दोनों नशे की बड़ी खेत भी बरामद की। ऐसे में यह कहां जा सकता है कि इन इलाकों में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोग ज्यादा सक्रिय हैं। इसके इलावा महानगर के और भी कई ऐसे इलाके हैं जहां पर भी लड़ाई झगड़ा और गोली चलने के मामले सामने आए।



हथियार दिखाते की फोटो।

### हथियारों की नुमाइश करने वालों पर सख्ती

*पुलिस का कहना है कि ऐसे वीडियो बनाने और हथियारों को दिखावा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नरेट पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन इलाकों में इस तरह की गतिविधियाँ हो रही हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश करने वाले युवाओं की पहचान की जा रही है। जिन हथियारों के लाइसेंस हैं, उनकी वैधता की जांच होगी और अवैध हथियारों को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।*

### कई युवा सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ डालते फोटो

*महानगर के कई युवा सोशल मीडिया पर खुलेआम हथियारों के साथ वीडियो और फोटो डालना फैशन मान रहे है। कभी फायरिंग करते हुए तो कभी पिस्टल लहराते हुए युवक अपने वीडियो इंस्टाग्राम और स्नैपचैट पर पोस्ट करते हैं। यह सब न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय लोगों में डर का माहौल भी पैदा कर रहा है। महानगर की पुलिस ने इन चीजों को लेकर बीते कुछ महीने पहले सख्ती भी बरती थी और सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालने वालों के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज किए गए थे। तब पुलिस की कार्रवाई के डर से वारदातें भी घटी थी।*

**केस हिस्ट्री...** *2 अक्टूबर दशहरे की शाम जमालपुर के इलाके रामनगर में एक पड़ोसी ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले 19 वर्षीय युवक हिमांशु को गोली मार कर हत्या कर दी थी। ▪ दशहरे वाली रात को मोती नगर के इलाके फौजी कॉलोनी में करीब एक दर्जन हथियारबंद युवको ने 19 वर्षीय युवक मोनू को गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस मामले में अभी तक थाना मोती नगर की पुलिस के हाथ खाली है। ▪ बीती रात जालंधर बाईपास रोड पर एक स्कॉर्पियो कार सवार कुछ युवकों के द्वारा शहर के अलग-अलग इलाकों में गोलियां चलाने का मामला सामने आया। जिसमें कार सवार युवकों ने जालंधर बाईपास, घंटाघर और उसके बाद शिमलापुरी के इलाके में चलती कार में से हवाई फायर किये। फिलहाल इस मामले में ना तो पुलिस कार का पता लगा पाई है और ना ही उन युवको का कोई सुराग मिला। ▪ टिब्बा रोड के इलाके में बीती रात एक शादी वाले घर में हुए विवाद के बाद इलाके में गोलियां चली। इस घटना में दो युवकों को गोलियां लगी है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।*



**लुधियाना**| त्योहारों के सीजन में लोग बाजारों में पहुंचकर खूब खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में बाजारों में भीड़ देखने को मिल रही है। लेकिन तंग बाजारों में चार पहिया और तीन पहिया वाहन जाम जैसी स्थिति बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। अगर इन तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की आवाजाही त्योहारों के सीजन में बंद कर दी जाए तो लोगों को और भी सहूलियत मिल सकती है। ***(इकबाल हैप्पी)***

# केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बंभानिया ने लुधियाना के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर राशन किट बांटें

समर ब्यूरो | लुधियाना



केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने रविवार को पंजाब दौरे के दूसरे दिन लुधियाना जिले के बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनके हालात का जायज़ा लिया और प्रभावित परिवारों को राशन किट तथा आवश्यक वस्तुएँ वितरित कीं।मंत्री ने ससराली, बूथगढ़ और रोड़ गाँवों का दौरा किया, जो हालिया बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार उनके शीघ्र पुनर्वास और सामान्य जीवन बहाली के लिए पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करेगी। श्रीमती बंभानिया ने स्वयं प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं से युक्त राशन किट सौंपीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है कि राहत सामग्री हर जरूरतमंद तक शीघ्र पहुँचे। मैदानी निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सतलुज नदी के तटबंध का दौरा किया और मरम्मत तथा सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटबंध को मज़बूत करने का कार्य तुरंत पूरा किया जाए और भविष्य में बाढ़ की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनाई जाए। मंत्री ने प्रभावित गाँवों की सड़कों, पुलों और सार्वजनिक ढाँचे की स्थिति का निरीक्षण भी किया और ज़िला प्रशासन को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य तेज़ी से पूरा कर सामान्य जनजीवन बहाल किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि मकानों, कृषि भूमि और पशुधन को हुए नुकसान का सर्वेक्षण समय पर, पारदर्शी और संवेदनशील दृष्टिकोण से किया जाए, ताकि सभी प्रभावित परिवारों को उचित मुआवज़ा मिले। दिन के पूर्वार्द्ध में केंद्रीय मंत्री ने ज़िला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ राहत अभियानों, केंद्र सरकार की योजनाओं और सहायता वितरण की समीक्षा बैठक भी की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए और योजनाओं के लाभ हर पात्र लाभार्थी तक बिना विलंब पहुँचे। अपने दौरे के समापन पर श्रीमती बंभानिया ने दोहराया कि केंद्र सरकार पंजाब के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण कार्यों में हर संभव मदद प्रदान करती रहेगी।

## हुक्का पीने का वीडियो वायरल करने का हुआ विवाद, चली गोलियां

**लुधियाना**| शनिवार की देर रात टिब्बा रोड स्थित इकबाल नगर के इलाके में शादी वाले घर मे चल रही माता की चौकी के दौरान दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के युवको ने दूसरे पक्ष के युवको पर गोलियां चला दी। वही देर रात इलाके में फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। घटना में तीन युवक घायल हो गए, जिनमें एक की एड़ी और टांग में गोली लगी है। फायरिंग का कारण हुक्का पीने का वीडियो बनाना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार टिब्बा रोड स्तिथ इकबाल नगर में 14 अक्टूबर को एक घर मे होने वाली शादी वाले घर मे माता की चौकी का आयोजन किया गया था। उसी दौरान कुछ युवक कार्यक्रम स्थल पर हुक्का पी रहे थे। जिसमे इलाके के एक युवक ने उनका वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया ग्रुपों में भेज दिया। जिसका पता चलने पर उक्त युवक भड़क गये और उन्होंने वहां से कुछ ही दूरी पर खड़े वीडियो बनाने वाले सरबजीत को घेर लिया। सरबजीत ने भी अपने कुछ साथियों को वहां पर बुला लिए। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ने लगा, तभी एक पक्ष के युवक ने देखते ही देखते उनपर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

## अतिक्रमण पर किसानों ने दी चेतावनी : सड़क पर किया कब्जा, तो करवायेंगे पर्चा

# बस्ती जोधेवाल से मेहरबान तक सड़कों पर नही होने दिया जाएगा अवैध कब्जा

समर ब्यूरो | लुधियाना

शहर में रेहड़ी-फड़ी और छोटे व्यापारियों द्वारा सार्वजनिक जगहों पर अवैध कब्जे लगातार बढ़ रहे हैं। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को लेकर किसान यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे किसी के काम के दुश्मन नहीं हैं, लेकिन गैर-कानूनी कब्जा बर्दाश्त नहीं करेंगे। किसान यूनियन ने कहा कि अवैध कब्जों के कारण लोगों को चलने-फिरने में कठिनाई होती है, और शहर की सार्वजनिक छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी गतिविधियों पर तुरंत निगरानी और कार्रवाई की जाए, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। नगर निगम और ट्रैफिक विभाग के अनुसार शहर के



किसानों को चेतावनी देते।

कई प्रमुख इलाकों में रेहड़ी-फड़ी करने वाले व्यापारी बिना अनुमति के सड़क किनारे अपना सामान लगाते हैं। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ती है और आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य सेवाओं की आवाजाही भी प्रभावित होती है। प्रशासन की और से अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन पूरी तरह सफलता अभी नहीं मिल पाई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी कार्रवाई में कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा और पहले नोटिस दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का सुझाव है कि ठेले-फड़ी के लिए विशेष ज़ोन बनाना, लाइसेंस प्रणाली लागू करना और नियमों की निगरानी करना सबसे बेहतर समाधान हो सकता है। इससे व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हुए बिना शहर की व्यवस्था सुरक्षित और सुव्यवस्थित रह सकती है।

इस बीच शहरवासियों ने भी प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि अवैध कब्जों को हटाकर सड़कें साफ़-सुथरी, सुरक्षित और सभी के लिए सुविधाजनक बनाई जाएँ। यदि नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया और अवैध कब्जे हटाए गए, तो लुधियाना की सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा दोनों बेहतर होंगी।

# महिला से मारपीट और छेड़छाड़, पड़ोसी महिला और उसके बेटे सहित 3 पर केस

समर ब्यूरो | लुधियाना

पक्खोवाल रोड स्तिथ पंजाब माता नगर गली नंबर 15 में एक महिला के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। थाना दुगरी की पुलिस ने पीड़िता रूपिंदर कौर उर्फ रूबी की शिकायत पर पड़ोसी महिला करमजीत कौर उसके बेटे हैप्पी और दो-तीन अज्ञात किरायेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वही पीड़िता ने घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपी। पीड़िता ने बताया कि वह करीब 40 साल से इसी मोहल्ले में रह रही हैं और इन दिनों उनके मकान की मरम्मत का कार्य चल रहा था। जिसके चलते उनके घर के बाहर रेता, बजरी और ईंटे रखी हुई है। इसी बात को लेकर पड़ोसी करमजीत कौर और उसके किरायेदार हैप्पी से आए दिन विवाद होता रहता था। 1 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे करमजीत कौर के इशारे पर हैप्पी अपने दो साथियों के साथ उनके घर के बाहर आया और गेट तोड़ने की कोशिश करने लगा।विरोध करने पर उन्होंने गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी। रूपिंदर कौर के मुताबिक, बीच-बचाव करने पहुंची उनकी मां जसमेल कौर और भाई इंद्रजीत सिंह को भी आरोपियों ने पीटा। झगड़े के दौरान एक आरोपी ने उनकी अंगूठी छीनकर फेंक दी



और अश्लील हरकत करने लगा। जिससे उनकी लज्जा भंग हुई। उनके शोर मचाने पर इलाके के लोग एकत्रित हुए, जिन्हें देखकर हमलावर वहां से भाग गये। यह पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद रूपिंदर कौर ने सिविल अस्पताल लुधियाना में मेडिकल करवाया और एमएलआर रिपोर्ट पुलिस को सौंपी। वही पीड़िता ने आरोप लगाया कि 3 अक्टूबर को पुलिस को बयान देने के बावजूद भी अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता ने कहा कि वह और उनका परिवार लगातार भय के माहौल में जी रहा है और पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। थाना दुगरी के एएसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने धारा 115(2), 126(2), 351(2), 74, 190 बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सहायक सुप्रिंटेंडेंट की मदद से केंद्रीय जेल में ले जा रहे थे मोबाइल और नशीली पदार्थ

समर ब्यूरो | लुधियाना

केंद्रीय जेल के अंदर मोबाइल फोन और नशीला पदार्थ बरामद होना आम बात है जिसमें जेल कर्मचारियों की मिली भगत अक्सर सामने आई। इस बार एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें केंद्रीय जेल के सहायक सुपरीटेंडेंट की मदद से जेल के अंदर मोबाइल फोन और नशीला पदार्थ पहुंचने की कोशिश की जा रही थी। इस पैकेट को चेकिंग के दौरान जेल अधिकारियों ने बरामद कर लिया है और मामले की शिकायत थाना डिवीजन 7 की पुलिस को दी। थाना डिवीजन 7 की पुलिस ने केंद्रीय जेल के सहायक सुपरिंटेंडेंट सुखविंदर सिंह को नामजद कर गिरफ्तार भी किया है और इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उनके साथ और कौन लोग मिले हुए हैं।




### एलईडी के साथ डबल टेप लगा चिपकाया हुआ था पैकेट

*केंद्रीय जेल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जेल के अंदर एक एलईडी लेकर है जा रही थी। उन्होंने बताया कि जब एलईडी की जांच की तो उसके साथ एक पैकेट डबल टैप के साथ चिपकाया हुआ था। उक्त पैकेट को खोल जब जांच की तो उसके अंदर से 10 मोबाइल फोन, 84 ग्राम भूरे रंग का नशीला पदार्थ और 121.71 ग्राम काले रंग का नशीला पदार्थ बरामद हुआ। जेल प्रशासन के अधिकारियों ने यह पैकेट थाना डिवीजन 7 की पुलिस के हवाले किया। वही इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस में दो हवालाती फिरोजदिन और दीपक का नाम भी सामने आ रहा है।*

## आरोपी का रिमांड हासिल कर पुलिस कर रही पूछताछ

# नाकाबंदी के दौरान 2 नशा तस्करों को 70 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

समर ब्यूरो | खन्ना

लुधियाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 ग्राम हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रहे विशेष मुहिम "युद्ध नशे विरुद्ध" के तहत की गई। पुलिस के द्वारा पकड़े गए दोनो आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर पता लगाया जा रहा है कि वह दोनो नशा कहा से ला रहे थे और किन लोगों को बेचते थे।

जानकारी के अनुसार थाना पी.ए.यू. की पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दोनो युवको को चेकिंग के लिए रोका था। जहा जांच करने पर सामने आया कि दोनों युवक नशा करते है और बेचने का काम करते है। इसके बाद पुलिस ने दोनों की तलाशी ली, तो उनके कब्जे से पुलिस को 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए दोनो आरोपियों की पहचान राहुल और बबलू के रूप में हुई। पुलिस ने दोनो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी विजय कुमार के अनुसार आरोपी राहुल के खिलाफ पहले भी थाना पी.ए.यू. में पहले भी कई मामले दर्ज है, जबकि बबलू कुमार के खिलाफ थाना डेहलो और हैबोवाला में लूटपाट के मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर आये हुए थे।



आरोपियों के साथ पुलिस पार्टी।

# आज होगा 70 पटाखा दुकानों की अलॉटमेंट का हाई प्रोफाइल ड्रामा

समर ब्यूरो | लुधियाना


पटाखे की 70 दुकानों की अलॉटमेंट को लेकर आज 11 बजे ड्रा निकालने की घोषणा जिला प्रशासन द्वारा की गई है। जानकारों का मानना है कि ड्रा निकालने में प्रशासन द्वारा हाई प्रोफाइल ड्रामा किया जाएगा। कारण है कि प्रशासन के अधिकारी राजनेताओं और रसूखदारों के चेहरतों के ही ड्रॉ निकलेंगे जो कि पहले से ही निश्चित हो चुका है। वही कुछ आवेदकों ने यह भी घोषणा की की अगर प्रशासन ने गलत किया तो वह विरोध करेंगे। एक आवेदक ने तो यह भी कह दिया कि अगर उसके साथ धक्का हुआ तो वह खुद को आग लगा खुदकुशी कर लेगा। बता दे कि शनिवार को ड्रा निकालने का समय था जो कि नहीं निकल जा सके। कारण था कि ड्रा के फॉर्म अधूरे या फिर कुछ गलत इनफार्मेशन भरने जैसी बात कह सैकड़ो फॉर्म रिजेक्ट किए गए थे। ऐसे में एडीसीपी वैभव सहगल ने टैक्सेशन विभाग को इन रिजेक्ट किए गए फार्मो को एक बार फिर से रिव्यू करने की बात कही और सोमवार की सुबह 11 बजे ड्रा निकालने की बात कही।

**- 6 मार्केट के लिए 70 दुकानों का ड्राः** जिला प्रशासन द्वारा महानगर की छह मार्केट के लिए 70 दुकानों के ड्रा निकाले जाने हैं जिसके लिए 1500 से ज्यादा आवेदक फार्म भर चुके हैं। यह 70 दुकानों में से 40 दुकानें जालंधर बाइपास स्थित दाना मंडी, 6 दुकाने फुल्लांवाल ग्लाडा ग्राउंड, 6 दुकान हैबोवाल चारा मंडी, 6 दुकाने लोधी क्लब के पास, 6 दुकाने ग्लाडा ग्राउंड दुगरी और 6 दुकाने ग्लाडा ग्राउंड चंडीगढ़ रोड की है।

# आखिरी कॉल कर पत्नी को बोलाः कुछ लोग मुझे महिंद्रा पिकअप में अगवा कर ले जा रहे हैं मेरी जान को खतरा है

समर ब्यूरो | लुधियाना

शनिवार से प्रताप सिंह वाला इलाका से एक व्यक्ति लापता है। व्यक्ति की पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति को कुछ लोगों ने अगवाह किया है। पत्नी ने कहा कि आखरी बार उसके पति ने शनिवार रात को फोन किया था और कहा की कुछ लोग उसको अगवाह कर महिंद्रा पिकअप गाड़ी में जंगल की तरफ लेकर जा रहे हैं। उसने यह भी कहा कि उसकी जान को खतरा है। इस मामले की सूचना थाना पीएयू की पुलिस को दी गई है। इस मामले में थाना पीएयू के प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि मामले की



जांच की जा रही है और महिला के बयान दर्ज कर उसके पति के मोबाइल को ट्रेस किया जा रहा है जो कि अभी बंद है। महिला ने बताया कि उसका पति शनिवार को रोजाना की तरह काम पर गया था। शाम को उसके पति का उसके मोबाइल पर फोन आया। उसने बताया कि उसको कुछ लोग पिकअप गाड़ी में बिठाकर जंगल की तरफ लेकर जा रहे हैं और उसको अगवाह कर लिया है। महिला ने बताया कि इतनी बात होने के बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। वही इस मामले में थाना पीएयू के अधिकारी ने बताया कि इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उक्त व्यक्ति की किन लोगों के साथ दुश्मनी है। लापता व्यक्ति के मोबाइल फोन की डिटेल भी खंगाली जा रही है और उसकी लोकेशन को भी लगातार ट्रेस किया जा रहा है।

# 25 साल से लिव-इन में रह रही महिला ने पार्टनर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया

समर ब्यूरो | लुधियाना

बीते 25 सालों से लिव इन में रह रही एक महिला को उसके पार्टनर ने धोखा दे दिया। पार्टनर ने मकान खाली करवाने के लिए उसको धमकियां थी तो महिला ने कोर्ट केस कर दिया। कोर्ट केस वापस लेने का दबाव बनाकर बीते दिनों उक्त व्यक्ति ने महिला को बुरी तरह से पीटा और उसका जबरदस्ती रेप किया। महिला ने मामले की शिकायत थाना हैबोवाल की पुलिस को दी तो थाना हैबोवाल की पुलिस ने आरोपी अवतार सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। अवतार सिंह लगातार फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। पीड़िता की उम्र तकरीबन 52 वर्ष है। उसने बताया करीब 25 साल पहले उसने अपने पति को तलाक दे दिया था और आरोपी अवतार सिंह के साथ ही लिव इन में रह रही थी। उसने बताया कि कुछ महीने पहले से अवतार सिंह उसके साथ गलत व्यवहार कर रहा था और कहीं और रह रहा था जिसके चलते उसने उक्त मकान खाली करवाने का दबाव बनाया जिसमें वह रह रही थी।

महिला ने बताया कि उसने मकान खाली न करने की बात कही और कोर्ट में कैसे कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि इस मामले में जब अवतार सिंह को पता चला तो बीते हफ्ते वह उसके घर पर आया और उसको बुरी तरह से पीटा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पीटने के बाद आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और वहां से भाग निकला। वही इस मामले में थाना हैबोवाल के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को समर्पित करते हुए लगाया गया विशाल खूनदान कैंप

» मेयर जीती सिद्धू ने मुख्यातिथि के तौर पर किया शिरकत

**हरजीत मठारू | मोहाली**

फेस-11 नजदीक स्थित जगतपुरा में युवा समाज सेवी शम्मी जगतपुरा और समूची टीम के सहयोग से शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव सिंह को समर्पित पहला विशाल खूनदान कैंप का आयोजन हैरीटेज पब्लिक स्कूल जगतपुरा किया गया जिसमें बडी संख्या में रक्तदानियों ने हिस्सा लिया और अपना खूनदान किया। इस मौके पर विशेष तौर पर शम्मी जगतपुरा और उनकी समूची टीम जिसमें नीव मेहरौली,कोटटी,जोसेफ वेधा,संजू धईया,रतन गिल, मनीष लुबाना,दीप मोहाली,ललित धीमान,विक्की राजपूत,राहुल गिल,गुरनूर सिंह,विकास राना,अक्षय के अलावा अन्ययुवा उपस्थित थे।

गौरतलब है कि खूनदान कैंप में खूनदानियों और कैंप आयोजकों का हौंसला बढाने के लिए मोहाली नगर निगम के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। इस मौके युवा समाज सेवा शम्मी जगतपुरा ने कहा कि रक्तदान महादान है और आज की जरूरत को देखते हुए इससे बडा दान और दिखाई नहीं देता है। शम्मी ने कहा कि आए दिन सोशल मीडिया पर अपील देखने को मिलती है जिसमें अक्सर लोग अपने जरूरतमंदों के लिए खूनदान करने की बात अस्पतालों में आ कर करने की बात करते दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि बेशक यह पहली बार उनकी टीम के सहयोग से पहला खूनदान कैंप आयोजित किया गया है, लेकिन टीम का पूरा प्रयास रहेगा कि इस परंपरा को अब आगे भी जारी रखा जाए और जरूरतमंदों को खूनदान किया किया जाए। इस दौरान कैंप आयोजकों ने मेयर को विशेष तौर पर सम्मानित किया और उनका आभार भी व्यक्त किया।

# यूथ क्लब 79 ने कराया प्री दिवाली का मेला 50 के करीब लगे स्टॉल : गुरप्रीत बैंस






**हरजीत मठारू | मोहाली**

मोहाली के सेक्टर 79 में शनिवार को यूथ क्लब 79 की ओर से एक प्री दिवाली के प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें 50 के करीब अलग अलग किस्म के स्टॉल लगाए गये।

जानकारी देते हुए प्रधान गुरप्रीत सिंह बैंस ने बताया कि यह मेला 79 सेक्टर में पहली बार कराया गया है इसके पहले यहां स्पोर्ट्स की गेम्स कराई गई थी जिसके बाद उनके कल्ब की ओर से तीयो का मेला करवाया गया ओर प्री दिवाली के प्रोग्राम करवाया गया है जिस में बच्चों के अलग-अलग कंपटीशन जैसे की फैशन शो कलर कंपटीशन रंगोली कंपटीशन करवाए गए और उन्हें इनाम भी दिए गए। बातचीत करते भैंस ने बताया कि इस एग्जीबिशन में 50 के करीब स्टॉल लगे थे जिसमें अलग-अलग किस्म के हैंडमेड कैंडल्स, पारस ,सूट , ज्वेलरी के इलावा खाने के लिए स्पेशल देसी घी की मिठाई ओर कई



किस्में के पकवान थे जो कि लोग अपने घर से बना कर यह लाए थे।

इस प्रोग्राम में खास तौर पर एम एल ए मोहली कुलवंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह समाना ओर ज़िला प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन मैडम प्रभजोत करें बी विशेष तौर पर शिरकत की। इस प्रोग्राम में मोहाली चंडीगढ़ से तकरीबन 1500 से 2000 के करीब लोग अपने परिवार बच्चों समेत आए और प्रोग्राम का आनंद लिया। बैंस ने बताया कि बच्चों के खेलने के लिए अलग-अलग गेम्स का भी आयोजन किया गया था। उन्हों बताया कि आने वाले समय में हमारे क्लब की ओर से ओर भी बड़े प्रोग्राम करवाए जाएंगे और खास तौर पर बच्चों को गेम्स के साथ जोड़ने के लिए इवनिंग गेम्स और कलर कंपटीशन, शिक्षा के आधार पर बच्चों के प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चे गेम्स और शिक्षा से जुड़े रहे और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले ताकि बच्चे आने वाले समय में नसे और गलत संगत से दूर रहें।

# जमीनों की गिरदावरी न करवाने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

**हरजीत मठारू | मोहाली**

चीनी वायरस और हल्दी रोग के कारण खराब हुई फसल की विशेष गिरदावरी करवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन एकता डकौदा जिला मोहाली के अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गी कराला के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर मोहाली को मांग पत्र सौंपा था। इसके बाद भी गिरदावरी नहीं करवाई गई। इसके रोष में किसानों ने राज्य सरकार, कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

किसानों ने कहा कि डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद इस बर्बाद हुई फसल का विशेष सर्वेक्षण नहीं करवाया गया, जबकि राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्री दिवाली से पहले किसानों को बर्बाद हुई धान की फसल के चेक देने का दावा करते नहीं थकते हैं। खेतों में चीनी वायरस के कारण खराब हुई फसल को दिखाते हुए किसान जसवीर सिंह खलोड़, सेबी खलोड़, मनजीत सिंह बिल्ला किसान औगू, लाभ सिंह, सरबजीत खलोड़, रुपिंदर सिंह रब्बी, शमशेर सिंह और अन्य किसानों ने कहा कि उनके गांव में धान की खेती करने वाले किसानों ने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित बीज बोए थे। गांव के किसानों की 200 बीघा से अधिक फसल पर चीनी वायरस रोग का हमला हुआ है, जिसके कारण फसल को काफी नुकसान हुआ है। चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इस बर्बाद हुई फसल का विशेष सर्वेक्षण नहीं करवाया गया तो वे किसान संगठनों के सहयोग से बड़ा संघर्ष शुरू करने पर मजबूर होंगे। बता दें कि बनूड़ क्षेत्र में चाइनीज वायरस और हल्दी रोग के कारण सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो चुकी है लेकिन विभाग ने गिरदावरी नहीं करवाई है। निकटवर्ती गांव कुरड़ी के सरपंच नाहर सिंह की करीब 22 एकड़ फसल चीनी वायरस के कारण नष्ट हो गई है और क्षतिग्रस्त फसलों को किसान ने नष्ट कर दिया है।

# 6 दिन बीतने के बाद भी दलित आईपीएस को इंसाफ न मिलने पर भड़के आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा

» बीजेपी की चुप्पी से दलित समाज आहत, इंसाफ की लड़ाई अब तेज होगी : ढांडा



**हरजीत मठारू | चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा कैडर के 2001 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो पोस्टमार्टम हुआ है और न ही अंतिम संस्कार। परिवार अब भी इंसाफ का इंतजार कर रहा है। परिवार ने साफ कहा है कि जब तक डीजीपी शत्रुजीत कपूर को हटाकर गिरफ्तार नहीं किया जाता और सुसाइड नोट में नामजद अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक वह पीछे नहीं हटेंगे। यह देरी न्याय में विश्वास को तोड़ती है।

अनुराग ढांडा ने कहा, पूरन कुमार की मौत ने बीजेपी की दलित विरोधी सोच को नंगा कर दिया है। छह दिन में सरकार एक भी ठोस फैसला नहीं ले पाई। वजह साफ है, हरियाणा की बागडोर असली में आज भी पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री खट्टर के हाथ में है और मुख्यमंत्री कम नायब सिंह सैनी एक 'डमी सीएम' से ज़्यादा कुछ नहीं।

उन्होंने कहा कि खट्टर के विदेश दौरे पर होने के कारण सरकार ठप पड़ी है, और नायब सिंह सैनी में इतना भी राजनीतिक साहस नहीं कि एक स्पष्ट फैसला ले सकें। एक दलित अधिकारी की मौत के बाद भी अगर सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है तो इसका सीधा मतलब है, बीजेपी को दलितों की जान और न्याय की कोई परवाह नहीं। अनुराग ढांडा ने कहा, कम नायब सिंह सैनी की नाकामी आज साफ दिख रही है। वे न तो डीजीपी को हटाने का साहस दिखा पा रहे हैं और न ही नामजद अधिकारियों पर कार्रवाई कर पा रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि प्रदेश में असली सीएम कोई और है और नायब सिंह सिर्फ नाम के सीएम हैं।

ढांडा ने कहा कि यह सिर्फ एक अफसर की आत्महत्या नहीं, बल्कि दलित समुदाय को दिए जा रहे संदेश की तरह है, कि बीजेपी के राज में दलितों को इंसाफ नहीं मिलेगा। पूरन कुमार के परिवार को इंसाफ न देकर नायब सिंह सैनी ने दलित समाज को अपमानित किया है। यह सत्ता का दुरुपयोग और जातिगत भेदभाव की जिंदा तस्वीर है। उन्होंने कहा, बीजेपी का पूरा सिस्टम दलितों को दबाने में लगा है। पूरन कुमार जैसे सीनियर अधिकारी को सिस्टम में अकेला छोड़ दिया गया। यही बीजेपी की असली मानसिकता है, दलितों का इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करो, लेकिन जब वो ऊंचा उठे तो उसे तोड़ दो।

ढांडा ने कहा, पूरन कुमार का मामला सिर्फ एक परिवार का संघर्ष नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज की लड़ाई है। अगर बीजेपी सरकार ने अब भी इंसाफ नहीं दिया, तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर इस लड़ाई को जनता की आवाज बनाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अपना 100वां स्थापना दिवस

» 'स्व' बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य निर्वहन, समरसता व आदर्श परिवार प्रणाली से होगा भारत का समग्र विकास

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**

आज अधर्म पर धर्म की विजय के पर्व विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना सौवां स्थापना पर्व मनाया। आज के दिन 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने कुछ बच्चों को लेकर नागपुर में संघ की स्थापना की थी और आज यह संगठन दुनिया की सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बन चुका है। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में समारोह आयोजित हुए, अपने शहर के सर्वहितकारी स्कूल सेक्टर-71 मोहाली प्रांगण में हुए समारोह के दौरान वन ग्रुप के डायरेक्टर श्री उदित जैन जी, संघ के पदाधिकारी माननीय नगर संघ चालक श्रीमान मनोज अग्रवाल जी और मुख्य वक्ता ज़िला कार्यवाह श्री गुरुदेव जी ने विधिवत शस्त्र पूजन किया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग बन्धु/भगिनी व ........स्वयंसेवक बन्धु उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्रीमान गुरुदेव जी ने कहा कि 'स्व' बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य निर्वहन, समरसता व आदर्श परिवार प्रणाली से ही भारत का समग्र विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण व उत्थान के लिए वहां के नागरिकों का चरित्रवान व देशभक्ति के गुणों से परिपूर्ण होना आवश्यक है। कई बार चरित्र के बिना शिक्षा व ज्ञान भी घातक बन जाता है। उन्होंने कहा कि संघ चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति को लेकर राष्ट्र के परमवैभव के लिए काम कर रहा है।

श्री गुरु तेगबहादुर जी के आने वाले 350वें बलिदान दिवस पर उनका पुण्यस्मरण करते हुए संघ अधिकारी श्री मान गुरदेव जी ने कहा कि गुरुजी ने अपने जीवन का बलिदान दे मानवाधिकारों व मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने संदेश दिया कि दुनिया में हर धर्म सम्मानित है और किसी को धर्म के आधार पर दूसरों पर अत्याचार करने, किसी को धर्म बदलने के



लिए विवश करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि स्वधर्म की रक्षा के लिए अगर जीवन का बलिदान देना पड़े तो भी मानव को पीछे नहीं हटना चाहिए।

संघ द्वारा दिए गए पंच परिवर्तनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 'स्व' के बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य निर्वहन, समरसता व आदर्श परिवार प्रणाली आदि पांच बिन्दुओं पर चल कर हम अपने देश का उत्थान कर सकते हैं। संघ का मानना है कि एक सशक्त, सुसंकृत, और प्रत्येक क्षेत्र में प्रगतिशील राष्ट्र के लिए सामाजिक समरसता अनिवार्य प्रत्यय हैं। जाति, धर्म, वंश और लिंग के आधार पर विभेदित कोई भी राष्ट्र राष्ट्रीय एकता, अक्षुण्णता और आंतरिक सुरक्षा के स्तर पर विकास के मापांक को प्राप्त नहीं सकता है। संघ 'परिवार' को भारतीय संस्कृति, मूल्यों, आदर्शों और संस्कारों की आधारशिला मानता है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और आधुनिक जीवनशैली के दबाव के कारण पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से हम अपने परिवारों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग व अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समकालीन परिदृश्य में एक बड़ी वैश्विक चुनौती है और भारत को भी पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषणों ने पर्यावरण को बहुत अधिक मात्रा में नुकसान पहुंचाया है जिसका मानव जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए हमारे लिए पर्यावरण हितैषी जीवन शैली आवश्यक है। संघ अधिकारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता अति आवश्यक है। उपभोक्तावादी संस्कृति और आयात पर अत्यधिक निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था एवं भारतीय संस्कृति के लिए अति हानिकारक है। भारतीय उत्पादों को अपने स्थानीय व्यवसायों को अपनाने एवं उनका उन्नयन करने और भारतीयों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना स्वाधारित जीवनशैलीका अभिन्न भाग है। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले अभियानों को प्रेरित करना, पारंपरिक कौशल और उद्योगों को पुनर्जीवित करने का प्रयत्न करना आवश्यक है। नागरिक कर्तव्यों के बारे बोलते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञानवान एवं उन्नतशील लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए उसके नागरिकों को अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना अतिआवश्यक है। कर्तव्यों के पालन से ही एक स्वस्थ एवं नागरिक समाज का निर्माण हो सकता है। नागरिक कर्तव्य के प्रति दायित्ववादिता से स्पष्ट है कि नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हों एवं ईमानदारी से उनका पालन करें। नागरिक कर्तव्यों के अंतर्गत मतदान करना, करों का भुगतान करना, सार्वजनिक संपत्ति की संरक्षा करना, कानून का पालन करना और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन्हीं पंच परिवर्तनों पर आधारित कार्यक्रम लेकर संघ समाज के बीच जा रहा है। इस अवसर पर समारोह के मुख्यातिथि आदरणीय उदित जैन जी ने कहा कि अपने सद्कर्मों व सकारात्मक कार्यपद्धति के चलते संघ अपने जीवन के 100 सालों में देशभक्ति, आपसी भाईचारे और सेवा का दूसरा नाम बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश में जब भी संकट आता है तो संघ के स्वयंसेवक आगे बढ़ कर अपने राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन भी किया।

